आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS 81

● वर्ष- 16 अंक 189 ● कटनी ● बुधवार, 10 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## सीएम शिवराज की पाठशाला

# माडल स्कूल में बच्चों की क्लास लगाई, तिरंगे का महत्व बताया



**भोपाल, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस दिशा में लगातार सक्रिय रहते हुएतिरंगा अभियान की समीक्षा कर रहे हैं और प्रदेशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील भी कर रहे हैं। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री शिवराज आज राजधानी के टीटी नगर में स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (माडल स्कूल) में पहुंचकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का इतिहास पढ़ाया। सीएम शिवराज माडल स्कूल पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार सुबह मॉडल स्कूल में बच्चों की क्लास ली। इस दौरान बच्चों को उन्होंने तिरंगा के इतिहास के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सीएम स्टूडेंट्स से राष्ट्रीय ध्वज की विकास गाथा, महत्व और ध्वज फहराने की सावधानियों के विषय में संवाद किया। शिवराज तिरंगे की कहानी रोचक और सरल भाषा में सुनाई। हर घर तिरंगा फहराने के उद्देश्य भी बताए। स्कूल की क्लास में बच्चों को बताया जाएगा कि तिरंगा झंडा राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है और भारत का गौरव है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि तक्षशिला जैसे विद्यालय रहे जहां पर विदेश से लोग आते थे। भारत के ग्रंथ दुनिया के कई देशों में गए। हम राज्यों में उस समय अलग-अलग बंटे थे लेकिन सांस्कृतिक रूप से हम एक थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ का उदय हुआ, लेकिन भारत में लाखों साल पहले कह दिया था यह मेरा है यह तेरा यह छोटे दिल वालों का होता है।

### हर घर तिरंगा फहराने के उद्देश्य भी बताए

## अनाथ बच्चों को दो हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता देगी मप्र सरकार

**भोपाल ,यशभारत।** शिवराज सरकार अनाथ बच्चों को दो हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। इसके लिए पात्र वही बच्चे होंगे, जिनके माता-पिता का निधन हो गया है और जो अपने रिश्तेदार या संरक्षकों के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इसी तरह किशोर न्यायालय अधिनियम के अंतर्गत संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं (बालगृह) को छोड़ने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना लागू की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिस पर अंतिम निर्णय बुधवार को प्रस्तावित कैबिनेट में लिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के स्थानीय निवासी परिवार के 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता प्रतिमाह दी जाएगी। यह राशि बच्चे एवं उसके रिश्तेदार या संरक्षक के संयुक्त खाते में जमा होगी। योजना में शामिल होने वाले सभी बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी या जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ऐसे परिवारों की पहचान करेंगे। बाल कल्याण समिति द्वारा इन्हें जरूरतमंद बालक घोषित किया जाएगा। बाल आशीर्वाद पोर्टल पर इनसे आवेदन कराया जाएगा। इसी तरह बालगृह के अधीक्षक या प्रबंधक अपने यहां 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को चिन्हित करके कार्ययोजना तैयार करेंगे। इन्हें योग्यता के आधार पर औद्योगिक संस्थान, प्रतिष्ठान या संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाकर उसी संस्था में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।



# आज 8वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे नीतीश कुमार

## 7 पार्टियों के 164 विधायक, महागठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा का महाधरना

**पटन एजेंसी।** बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की एक और पलटी चर्चा का विषय बनी हुई है। नीतीश कुमार ने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल से हाथ मिलाया है। दिल्ली की राजनीति में भी खास जगह रखने वाले बिहार में यह घटनाक्रम अचानक हुआ नहीं दिख रहा है। कहा जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के बीच नजदीकियां बीते कुछ समय से बढ़ती देखी जा रही थीं।आज का दिन भी अहम है, क्योंकि भाजपा का साथ छोड़कर महागठबंधन का दामन थामने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। नीतीश कुमार का शपथ ग्रहण दोपहर में होगा। उनके साथ उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे। लालू यादव के बेटे तेजस्वी को डिप्टी सीएम की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं भाजपा ने आज नीतीश कुमार की धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। भाजपा ने इसे जनादेश का अपमान बताया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने महाधरना का आयोजन किया जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार ने राज्यपाल को 7 पार्टियों के 164 विधायकों के समर्थन की चिट्ठी सौंपी।

**2020 चुनाव से बदले हालात; मिल रहे थे 4 संकेत**

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कुछ बदलता दिख हा था। विधानसभा पर नजर रखने वालों को सीएम कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव में कुछ अलग नजर आ रहा था। खास बात है कि बीते साल विधानसभा में दोनों के बीच तकरार देखने को मिली, लेकिन नीतीश ने आगे किसी बहस से बचने का फैसला किया।बीते साल नीतीश राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली पहुंचे थे। 10 दलों के प्रतिनिधिमंडल के अलावा उनके साथ तेजस्वी भी थे। उस दौरान राजधानी में दोनों नेताओं के बीच सौहार्द देखने मिला। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी वह नीतीश के साथ रहे और सीएम ने उन्हें बोलने का भी मौका।

## देवरानी-जेठानी संग युवक ने लगाई कुएं में छलांग

### दोनों महिलाओं की मौत

**छिंदवाड़ा, यशभारत ।** जिले के थाना लावाघोघरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परासिया बैतूल गांव में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। दो महिलाओं (रिश्ते में देवरानी और जेठानी) ने एक युवक के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इस घटना में दोनों महिलाओं की कुएं में डूबने से मौत हो गई, लेकिन जिस युवक के साथ दोनों महिलाएं कुएं में कूदी थी उस युवक की जान बच गई और वह कुंए से बाहर निकल गया। यह वाकया मंगलवार का बताया जा रहा है। परासिया बैतूल गांव के कोटवार ने लावाघोघरी पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के कुएं में दो महिलाओं के शव तैर रहे हैं, जिसके बाद टीआइ अमित कोरी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शवों को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा दिया। दोनों महिलाओं की शिनाख्त सुशीला पति हरीश कोराची और उसकी देवरानी श्यामा पति नरेश कोराची के रूप में की गई। कुएं में कूदने वाली दोनों ही महिलाएं सगी देवरानी जेठानी हैं। पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि एक युवक भी कुएं में कूदा था। दोनों के साथ कुएं में कूदे युवक का नाम स्वामी परतेती है। बताया जा रहा है कि श्यामा कोराची का स्वामी परतेती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और पिछले चार दिनों से मृतका देवरानी और जेठानी अपने गांव सोन पठार से गायब थीं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार दोनों महिलाएं स्वामी परतेती के साथ उसके जीजा के गांव परासिया बैतूल तक कैसे पहुंची।

### रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

भाई बहन के स्नेह और प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर यशभारत परिवार की ओर से सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं, समाचार पत्र विक्रेताओं, एजेंटों और शुभचिंतकों को शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश सूचना

राखी के पावन पर यशभारत कार्यालय में 11 एवं 12 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी

# रेल किराए में दोबारा छूट देने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रेल किराए में वरिष्ठ नागरिकों को दोबारा छूट देने की तैयारी है। संसद की एक स्थायी समिति ने ट्रेन के एसी-3 और स्लीपर श्रेणी के किराए में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत देने पर विचार करने का सुझाव दिया है। समिति ने कहा कि लगभग ढाई साल पहले कोविड महामारी के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न श्रेणियों में खत्म की गई रियायतों की पुन:समीक्षा की जानी चाहिए। रेल संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने हाल में संसद में पेश रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है। समिति ने कहा, रेलवे ने महामारी और कोविड प्रोटोकॉल के मद्देनजर वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न श्रेणी में दी जाने वाली रियायत बंद कर दी थी। इसमें 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रेल किराये में 50 फीसदी और 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के पुरुषों को 40 फीसदी रियायत



दी जाती थी। समिति ने कहा कि रेलवे अब सामन्य स्थिति की ओर आगे बढ़रही है, इसलिए उन्हें विभिन्न श्रेणियों में दी जाने वाली रियायतों पर विवेकपूर्ण विचार करना चाहिए। समिति चाहती है कि कोविड से पूर्व वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही रियायत की समीक्षा की जाए और कम से कम स्लीपर, एसी-3 में तत्काल रियायत देने पर विचार किया जाए। रेलवे कोरोना महामारी से पूर्व में 54 श्रेणियों में रियायत देती थी। रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि दिव्यांग की चार श्रेणी, रोगियों व छात्रों सहित कुल 11 श्रेणी में रेल में रियायत शुरू की गई है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों को फिलहाल छूट देने का विचार नहीं है। विदित हो कि रेलवे 50 से अधिक श्रेणी में 10 से लेकर 100 फीसदी तक रेल किराये में रियायत देता है।

### इन श्रेणियों में थी छूट

रेलवे प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, वरिष्ठ नागरिक, खिलाड़ी, कलाकार, विधवा, विद्यार्थी, मूक-बधिर, नेत्रहीन, विकलांग, मानसिक रोगी, अपंग यात्री, खिलाड़ी, कलाकार, फिल्म तकनीशियन, आतंकवाद से ल?ते हुए मारे गए पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बल के जवानों की विधवाओं आदि को रियायत देती थी।



# पुलवामा में 25-30 किलोग्राम आईईडी बरामद

**जम्मू ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बुधवार को पुलिस और सुरक्षा बलों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले एक बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों ने शहर में सर्कुलर रोड पर तहाब क्रॉसिंग के पास 25-30 किग्रा आईईडी बरामद कर लिया। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया, च्ज्पुलवामा पुलिस को मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सुरक्षा बलों ने बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आईईडी को यहां तक पहुंचाने वाले और यहां से आईईडी उठाने के लिए आने वालों की तलाश की जा रही है। हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भी आजमगढ़ के मुबारकपुर से इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी को गिरफ्तार किया था। आतंकी स्वतंत्रता दिवस पर आईईडी धमाके की योजना बना रहा था। आरोपी सहाबुद्दीन के खिलाफ लखनऊ में आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस बीच सुरक्षा बलों ने ऊधमपुर-कटरा रेलवे लिंक और ऊधमपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस से पहले स्पेशल डॉग स्क्वाएड, जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया है। यात्रियों की तलाशी और उनसे पूछताछ की जा रही है। बडगाम में सुरक्षा बलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़ , राहुत भट के कातिल लतीफ समेत तीन घिरे बडगाम में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच बुधवार तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला हुआ है। आतंकियों में कुख्यात आतंकी लतीफ रेदर भी है, जिसने घाटी में कई लोगों की हत्या की है।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले बड़ी साजिश नाकाम

## इश्क में नाबालिग का जानलेवा कदम

# लड़की ने प्यार जताने को लिया IV-संक्रमित बॉयफ्रेंड का खून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में प्यार जताने के अलग-अलग तरीके प्रचलित हैं। लेकिन असम की एक लड़की ने अपने प्यार को सच्चा साबित करने के लिए बिलकुल अलहदा तरीका अपनाया। उसने अपने HIV पॉजिटिव बॉयफ्रेंड का संक्रमित खून अपने नस में डाल लिया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लड़की भी अपने बॉयफ्रेंड की तरह HIV संक्रमित होना चाहती थी। प्यार में जान से खेलने वाली इस लड़की की उम्र अभी मात्र 15 साल है। जबकि उसका बॉयफ्रेंड बालिग है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने लड़की की जान को खतरे में डालने के लिए बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की को फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।असम के सुआलकुची की रहने वाली लड़की तीन साल पहले फेसबुक के माध्यम से आरोपी लड़के के संपर्क में आई थी। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। बाद में लड़की को जानकारी मिली कि उसका बॉयफ्रेंड HIV पॉजिटिव है। लेकिन इसके बावजूद लड़की ने उसका साथ नहीं छोड़ा।

# पार्क प्रभारी का हार्ट कमजोर होने से लोकायुक्त ने नहीं मारा छापा

**इंदौर, एजेंसी।** लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर नगर निगम के सहायक यंत्री और रीजनल पार्क के प्रभारी देवानंद पाटिल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। आमतौर में ऐसी कार्रवाई में लोकायुक्त छापा मार कार्रवाई करता है लेकिन पाटिल का स्वास्थ्य खराब होने से ऐसा नहीं किया गया है। पाटिल के हार्ट में दिक्कत है और वह केवल 40 प्रतिशत काम कर रहा है। मेडिकल जांच में इसकी पुष्टि होने पर उसके यहां छापा नहीं मारा गया और सीधे केस दर्ज कर लिया गया। एसपी सव्यसाची सराफ के अनुसार निगम के सहायक यंत्री के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की गई है। इसमें यह सामने आया कि उसके पास बड़ी संख्या में चल-अचल संपत्ति है। उसके बारे में पता किया तो यह जानकारी मिली कि वह तीन माह से अवकाश पर है।

### केस दर्ज किया

# वनकर्मियों की लकड़ी चोरों से मुठभेड़

## गोली लगने से एक चोर की मौत

**विदिशा ,यशभारत।** जिले के लटेरी वन क्षेत्र में मंगलवार की देर रात वन विभाग के गश्ती दल और लकड़ी चोरों में मुठभेड़ हो गई! जिसमें वन विभाग की ओर से की फायरिंग के दौरान एक लकड़ी चोर की गोली लगने से मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। लटेरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात में वन विभाग का गश्ती दल खड़यापुरा क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इसी दौरान चार मोटर साइकिलों पर आठ लोग लकड़ी ले जाते हुए दिखाई दिए। वन विभाग की टीम ने जब लकड़ी चोरों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसी दौरान बचाव के लिए वन विभाग के दल ने फायरिंग की, जिसमें एक लकड़ी चोर चैन सिंह निवासी रायपुरा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। शेष चार आरोपित भागने में कामयाब रहे। पुलिस के अनुसार तीनों घायलों को विदिशा जिला अस्पताल भेजा गया है।



# नेशनल हेराल्ड की तीन सौ करोड़ की संपत्ति जब्त कर सकती है मध्य प्रदेश सरकार

### जिन अधिकारियों के कार्यकाल में हुई गड़बड़ी, उनकी भूमिका जांचेंगे

**भोपाल यशभारत।** नेशनल हेराल्ड की भोपाल के महाराणा प्रताप नगर स्थित तीन सौ करोड़ रुपये की संपत्ति को मध्य प्रदेश सरकार जब्त कर सकती है। यह संपत्ति नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशन के लिए तीस साल की लीज पर दी गई थी। इसमें शर्त थी कि इस एक एकड़ भूमि का उपयोग दूसरे कार्य के लिए नहीं किया जा सकता है लेकिन इसे बेच दिया गया। भोपाल विकास प्राधिकरण ने लीज की शर्त का उल्लंघन करने पर इसका नवीनीकरण न करते हुए इसे निरस्त करने की कार्यवाही की थी, लेकिन मामला न्यायालय पहुंच गया।



सरकार ने इस मामले में कानूनी पहलुओं का परीक्षण कराया तो यह बात सामने आई है कि न्यायालय ने संपत्ति की जब्ती पर कोई रोक नहीं लगाई है। इसे देखते हुए संपत्ति को जब्त करने पर विचार किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रमुख सचिव को जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। 1981 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक लाख रुपये में एक एकड़ भूमि 30 साल की लीज पर आवंटित की थी। भूमि समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए दी गई थी। नियमानुसार इसका वाणिज्यिक उपयोग नहीं किया जा सकता है, लेकिन यहां भूमि का दुरुपयोग हुआ। भूमि कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बेच दी गई। वर्ष 2011 में जब लीज नवीनीकरण का आवेदन भोपाल विकास प्राधिकरण के सामने आया तो शर्तों के उल्लंघन का मामला पाते हुए लीज को निरस्त करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसके विरोध में नेशनल हेराल्ड का प्रबंधन न्यायालय पहुंच गया। इसके साथ ही दुकानदारों ने भी याचिका दायर कर दी। मामला भोपाल जिला न्यायालय में विचाराधीन है।

# हर घर तिरंगा अभियान में जुटी बीजेपी

## पूरा जिला तिरंगामय करने का लिया संकल्प, बैठक में बनी रूप रेखा



**कटनी,यशभारत।** आजादी की 75 वी वर्षगाँठ अर्थात स्वर्ण जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं, पूरा जिला तिरंगा मय होगा। यह विचार जिला भाजपाध्यक्ष रामरतन पायल ने जिला कार्यालय में आयोजित पदाधिकारियों तथा हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अभियान के जिला प्रभारी सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, दीपक टण्डन ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। श्री उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का हर घर तिरंगा अभियान में पूरे जोश और उत्साह के साथ जुटने का आव्हान प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा ने दिया है। इस दौरान तिरंगा यात्रा, बाइक रैली महापुरुषों की प्रतिमा स्थल की साफ सफाई आदि कार्यक्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा किये जाएंगे जिसमे मंडल अध्यक्ष मण्डल के पदाधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। इसी तरह महिला मोर्चा भी कार्यक्रम में दिए गए दायित्व का निर्वहन करेगी। इस अवसर पर कटनी जिले को प्रदेश अध्यक्ष जी का भी सानिध्य प्राप्त होगा। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने बताया कि युवा मोर्चा से इस अभियान में मुख्य भागीदारी युवामोर्चा की है जिसके लिए अजय माली को प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर कल 10 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली चारों विधानसभा में निकाली जाएगी। 12 अगस्त को महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। 13 अगस्त को शहर में विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, कार्यक्रम प्रभारी सुनील उपाध्याय, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, दीपक टण्डन ने मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष भावना सिंह, जिला मंत्री रामू साहू, अंकिता तिवारी, शिवम शर्मा, सीमा जैन सोगानी, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, अर्पित अग्रवाल, रविन्द्र मिश्रा, सचिन तिवारी, मण्डल अध्यक्षगण मनीष दुबे, वागीश आनंद, संदीप दुबे, बलराम यादव, प्रशांत राय, नितिन पांडेय, सुनील गुप्ता, प्रमोद सोनी, जोधाराम जयसिंघानी, छेदीलाल पांडेय, सुरेश जायसवाल, डॉ वीरेंद्र खम्परिया, दीपक तिवारी, रेशु टूडहा, अक्षय श्रीवास्तव, राघवेंद्र खरे, आशु पटवा, सन्दीप सैनी, भागचंद साहू आदि भाजपाजन उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में बिजली बंद होने से रोज परेशान होते हैं लोग

**कटनी।** जिला अस्पताल कटनी में अक्सर घंटों लाइट बंद रहने से मरीज हलकान होते रहते हैं। यहां कोई ऐसा दिन नहीं जाता जब बिजली बंद न होती हो यहां पर इस समस्या से निपटने के लिए अलग ट्रांसफार्म का काम भी कोई काम नहीं आ पा रहा। जिला अस्पताल की लाइट बंद होने से वार्ड में भर्ती मरीज और उनके परिजन भीषण गर्मी की मार झेलते रहे। वहीं, बिजली न होने से सोनोग्राफी, एक्सरे, पैथोलॉजी सहित अनेक कार्य कई घंटे तक प्रभावित रहे। आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर जनरेटर के सहारे रहा। दरअसल, विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर बिना सूचना दिए बीते दिन सुबह लाइट बंद कर दी गई है। विद्युत सप्लाई कई घंटों तक बाधित रही जिससे अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज भीषण गर्मी में परेशान रहे। लाइट बंद होने से कंप्यूटर सहित जांच के सारे उपकरण प्रभावित हो गए और मरीजों को भटकना पड़ा। बताया जाता है कि विद्युत विभाग द्वारा जिला अस्पताल लाइन क्षेत्र में विद्युत कार्य किया जा रहा था, इससे कई घंटों तक विद्युत प्रभावित रही। इस बीच बिजली चंद मिनटों के लिए आती-जाती भी रही।



# महिला महाविद्यालय से निकली तिरंगा रैली

**कटनी, यशभारत।** हम सौभाग्यशाली हैं जो आज अपनी आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ मना रहे हैं। हर भारतवासी के दिल मे गौरव का प्रतीक है तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान से देशभक्ति का भाव और प्रबल होगा। यह विचार आज भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के साथ भाजपाजन एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में निकाली गई तिरंगा यात्रा को संबोधित करते व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक सन्दीप जायसवाल ने कहा कि आजादी का वो दिन और आज 75 वर्ष की स्वर्ण जयंती के यह उत्साह सचमुच हर देशवासियों के लिए अकल्पनीय उत्साह गौरवान्वित करने वाला है। इससे पहले जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संदीप जासवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्यक्ष, भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री यज्ञदत्त मिश्रा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय वीरभद्र माली सहित स्थानीय जन युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा गर्ल्स कॉलेज से प्रारम्भ हुई। शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई यह यात्रा वापस महिला महाविद्यालय में समाप्त हुई। इस तिरंगा रैली में कालेज प्राचार्य आर के गुप्ता, साधना जैन, रश्मि चतुर्वेदी, अभिलाष पांडे, के के शुक्ला सहित स्टाफ मौजूद था।



# बारिश कम होने से पूरे जिले में बढ़ रही चिंता



**कटनी, यशभारत।** देर शाम उमस ने शहर में के मौसम में उमस बढ़ा दी। हालांकि बिल्कुल कम सही लेकिन बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिली। इसके साथ यह उम्मीद भी जगी कि अभी बारिश होगी। इससे पहले उमस और गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया था। इन दिनों किसान बारिश न होने से किसान होने लगे हैं। स्लीमनाबाद, मटवारा सहित अन्य गांवों में यह स्थिति बन रही है कि पानी गिरने से किसान अपनी धान की फसल को ऊपर से ही दूसरी फसल लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। इस तरह किसानों को भारी घाटा झेलना पड़ा है। बहोरीबंद के कजरवारा सहित अन्य गांवों में भी अब किसान परेशान हो चुके हैं। बारिश न होने से जिले में अब सूखे के हालात बन रहे हैं। पिछले वर्ष और औसत से इस बार कम बारिश हुई है। कम बारिश ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। चालू वर्षाकाल में जिले में अब तक कुल 340.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई है जबकि जिले की कुल सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिमी है। पिछले साल इस अवधि में कुल वर्षा 435.3.0 मिमी दर्ज की गई थी। किसान बेहद परेशान हैं। किसी तरह करके फसल में पंप की सहायता से रोपाई के काम में लगे हैं लेकिन रही-सही कसर बिजली ने पूरी कर दी है। जिले के किसान किसान बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बारिश न होने से फसल सूख रही है। सिंचाई के पर्याप्त संसाधन होने से वो बेबस हैं। बस टकटकी लगाए बैठे हैं। यहां सावन में गर्मियों के जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। कम बारिश के चलते फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ऊपर से बिजली कटौती ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। तालाब भी अभी नहीं भर सके हैं। इससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के कई गांवों में कृषि फीडर के ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। कम बारिश और तापमान बढ़ने से खरीफ फसलों की वृद्धि रुकने की भी आशंका किसानों को सता रही है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष रकबा बढ़ा है। किसानों के मुताबिक आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई और मौसम में नमी नहीं आती है तो ये नुकसान बढ़ सकता है। किसानों ने बताया कि हमने जैसे-तैसे रोपाई तो कर दी है लेकिन बारिश न होने से परेशानी बढ़ गई है। जिले में इस तरह की स्थितियां किसानों को परेशान कर रही हैं। किसानों ने बताया कि यदि बारिश नहीं हुई तो उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाएगा।

## बदले मौसम से डेंगू, मलेरिया पसार रहा पैर

**कटनी, यशभारत।** मौसम में बदलाव के साथ मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। यह मच्छरों के लिए अनुकूल मौसम है। इस मौसम में मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया-डेंगू तेजी से फैलती हैं। इनसे बचने का सबसे आसान तरीका है कि अपने आसपास मच्छरों को पनपने ही नहीं दिया जाए। मच्छर वहां पैदा होते हैं जहां पानी जमा होता है। घरों में गमला, कूलर, टायर आदि कई वस्तुएं हैं जिनमें आसानी से पानी जमा हो जाता है। अक्सर देखने में आता है कि मलेरिया और डेंगू को लेकर लोग लापरवाही बरतते हैं। यह अनदेखी कई बार महंगी पडती है। शासकीय अस्पतालों और डिस्पेंसरी में इन बीमारियों की जांच की निःशुल्क व्यवस्था है। जरूरत है हमें खुद अपने आपको जागरूक और सजग बनाए रखने की।

# आउटर पर दो घंटे खड़ी रही ट्रेन 58 किमी का सफर चार घंटे में



**कटनी, यशभारत।** रेलवे ने ट्रेनों की संख्या और गति बढ़ाने पर जोर दिया। इसका फायदा अभी तक यात्री को नहीं मिल रहा है। जबलपुर रेल मंडल की ट्रेनों पर भी इसका असर नहीं दिखाई दिया। जबलपुर आने वाली ट्रेनों की सुस्त चाल से यात्री बेहाल हैं। यात्री ट्रेनों को कभी भी, कहीं भी आउटर पर घंटों खड़ा कर दिया जा रहा है। मंगलवार को भी अंबिकापुर से जबलपुर आ रही अंबिकापुर इंटरसिटी के साथ ऐसा ही हुआ। इस ट्रेन को कटनी साउथ के पास सुनसान इलाके में खड़ा कर दिया गया। जहां ट्रेन खड़ी की गई, वहां आसपास यात्रियों के लिए पीने के लिए न तो पानी था और न ही वहां से पैदल जाने का कोई रास्ता। ट्रेन यहां लगभग दोपहर दो से ढाई घंटे तक खड़ी रही। जनरल और स्लीपर कोच में बैठे यात्री गर्मी से बेहाल रहे। अंबिकापुर ट्रेन को जबलपुर दोपहर लगभग 2.40 बजे पहुंचना था। ट्रेन उमरिया से कटनी के बीच भी रेंगती रही। हालात यह थी कि उमरिया से कटनी का 58 किमी का सफर ट्रेन ने लगभग चार घंटे में तय किया। इस बीच ट्रेन को कहीं भी किसी भी समय आउटर पर खड़ा कर दिया गया। यात्री गर्मी और प्यास से बेहाल होते रहे। रेलवे ने मदद से दूर, उनकी शिकायत तक को गंभीरता से नहीं लिया। स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि यह हालात हर दिन इंटरसिटी में बनते हैं। मंगलवार को तो हद हो गई। स्टेशन से कई किमी दूर इसे सुनसान इलाके में घंटों खड़ा किया गया।


नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
लालसिंह चड्ढा
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-


### युवकों से शराब बरामद

कटनी, यशभारत। बड़वारा पुलिस ने ग्राम मुडेहरा प्रतीक्षालय के पास रमेश दाहिया को 9 पाव प्लेन, 09 पाव लाल मसाला शराब बेचते हुए पकड़ा है। वहीं रीठी पुलिस ने ग्राम पोडी में नैनी यादव निवासी पौड़ी को 21 पाव देशी शराब सहित पकड़ा है।


### अज्ञात कारण से युवक की मौत

कटनी, यशभारत। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। घटना गुरूनानक वार्ड की है। जसविंदर पिता करम सिह ग्रोवर निवासी बरही नाका गुरूनानक वार्ड ने पुलिस को सूचना दी कि अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### युवक से बका जप्त


कटनी, यशभारत। कैमोर पुलिस ने एसीसी एलएनटी कॉलोनी मेहगांव में 29 वर्षीय गौतम कोल को बका लिए हुए पकड़ा है। सहायक उपनिरीक्षक सुदामा प्रसाद दाहिया ने बताया कि वह किसी आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 11 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




रक्षाबंधन
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 11 से
दोपहर 12.30, 4, 7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से





लालसिंह चड्ढा
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


# उमरियापान में निकला ताजियों का जुलूस

## चौरसिया समाज नवयुवक मंडल ने बांटा मिल्क शेक





**उमरियापानए यशभारत।** उमरियापान में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ताजियों का जुलूस अमन चैन से निकाला गया।

शहादत के पर्व मोहर्रम की दसमीं कल मंगलवार को शाम 4 बजे से मुस्लिम धर्मावलंबी नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक के पास इमामबाड़ा में एकत्रित हुए और सवारियां उठाने का प्रयास किया। शाम 5 बजे सवारियां और ताजिया का जुलूस मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंचते ही आस पास खड़े अन्य धर्मों के लोग भी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। झंडा चौक में मजमा के स्वरूप में जुलूस आधे घंटे से अधिक खड़ा रहा और मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए सवारियां उठाते रहे।

दूसरी ओर मुस्लिमए हिंदू समुदाय की माताएंए युवितियांए बच्चेए बुजुर्ग ताजिया के पास पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगी।

### कौमी एकता की मिसाल

चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा झंडा चौक में स्टाल लगाकर मोहर्रम पर्व के उपलक्ष्य में दूध शेक वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। शाम 5 बजे इमामबाड़ा से सवारियां और ताजिया का जुलूस मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंचते ही सभी लोगों को पचासों लीटर का दूध शेक का वितरण किया गया। हिंदू मुस्लिम भाई भाई की मिसाल देखकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने चौरसिया समाज नवयुवक मंडल की भूरी भूरी प्रशंसा की है। ज्ञात हो की नाग पंचमी चौरसिया दिवस पर्व के दिन आयूबए इरफान खाना दोनों सागे भाइयों द्वारा हर वर्ष अपनी दुकान में स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल चौरसिया समाज के हजारों लोगों का शीतल जल और चाय से भव्य स्वागत कर कौमी एकता की मिसाल पेश करते हैं। वहीं मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम भाई ने भी झंडा चौक में स्टाल लगाकर लंगर शरबत दूध शेक का वितरण किया है। इस अवसर पर आशीष चौरसियाए के के चौरसियाए पीसी चौरसियाए लकी चौरसियाए टीटीए गोलू चौरसियाए जक्कलए टीटू चौरसियाए करणए मनीष चौरसियाए बंटी पटेलए इरफान खान सहित अन्य सदस्यों का भी सराहनीय सहयोग रहा है। हालांकि नवयुवक मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तांतू चौरसिया के बड़े भाई शुभाष चौरसिया का गत दिवस निधन हो जाने के कारण वो कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके हैं। वहीं शहादत के पर्व मोहर्रमए ताजिया के जुलूस में हर वर्ष हिंदू समुदाय के लोग सहयोग के रूप में शामिल होकर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं। इसके बाद जुलूस बस्ती अंदर संयासी महाराजए अथैया मंदिरए सोनी मोहल्लाए बर्मन मोहल्ला से होते हुए कर्बला पहुंचा जहां सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। घुघरीए परसेल गांव में भी मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा अमन चैन से जुलूस निकालकर कर्बला में सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। वहीं कहा जाता है की शहादत के पर्व मोहर्रम के जुलूस में या हुसैन या हुसैन का नारा लगाते हुए मुस्लिम धर्मावलंबी इस बात पर जोर देते हैं कि हुसैन ने इस्लाम की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। इसीलिए हुसैन की याद में मातम मना रहे हैं। जुलूस जैसे ही झंडा चौक पहुंचा तो पुलिस व्यवस्था नदारत थी और तीनों दिशाओं से वाहन आ जा रहे थे। जाम लगने से और जुलूस में शामिल लोगों को हो रही परेशानियों को देख हिंदू मुस्लिमों में भी पुलिस प्रति काफी आक्रोश देखने को मिला।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, बुधवार, 10 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# जमीनी विवाद पर भाभी की नृशंस हत्या

## विवाद के बाद देवर ने सिर पर बरसाई सब्बल, बड़वारा के कुर्सी टोला गांव में वारदात से सनसनी



**कटनी, यशभारत। बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कुर्सी टोला में जमीनी विवाद पर आक्रोशित होकर देवर ने भाभी को मौत के घाट उतार दिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो देवर ने भाभी पर सब्बल से हमला कर दिया। जिसके कारण भाभी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी देवर को हिरासत में ले लिया है।**

घटना के संबंध में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि ग्राम कुर्सी टोला निवासी शेख मुबीन व शेख चांद आपस में भाई हैं। दोनों के मकान तो अलग-अलग हैं लेकिन निकलने का रास्ता एक ही है। जिसके कारण दोनों के परिवारों के बीच अक्सर इसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। बताया जाता है कि कल 9 अगस्त की शाम साढ़े 6 बजे के लगभग परिवार के अधिकांश सदस्य मोहर्रम पर्व मनाने गए हुए थे। घर में शेख मुबीन उसकी 40 वर्षीय पत्नी मेहरूनिशा तथा देवर शेख चांद बस थे। इसी दौरान मेहरूनिशा व देवर शेख चांद में एक बार फिर इसी बात को लेकर विवाद होने लगा। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो शेख चांद भाभी मेहरूनिशा के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान पति शेख मुबीन बीचबचाव करने दौड़ा तो मेहरूनिशा वहां से मकान की गौशाला में चली गई लेकिन देवर शेख चांद के सिर पर खून सवार हो गया था। जिसके कारण वो आक्रोश में लोहे की सब्बल लेकर गौशाला में पहुंच गया और वहां भाभी के सिर में सब्बल से दनादन कई वार कर दिए। जिसके कारण भाभी मेहरूनिशा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गावं में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों से सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए मेहरूनिशा की लाश को अपने अधिकार में लेकर उसे पीएम के लिए बड़वारा अस्पताल भिजवाया। जहां आज सुबह शवपरीक्षण के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### आरोपी देवर हिरासत में-थाना प्रभारी

बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि भाभी मेहरूनिशा को मौत के घाट उतारने वाले देवर शेख चांद के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामला दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने आरोपी देवर को फरार होने के पूर्व हिरासत में भी ले लिया है। उसकी गिरफ्तारी से संबंधित लिखा पढ़ी की जा रही है।

# ऑटो की टक्कर से हुई थी महिला की मौत

### जांच में तथ्य सामने आने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत 22 जुलाई को हुए सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई थी। जांच में तथ्य सामने आने पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत 22 जुलाई को बस स्टैन्ड के समीप ऑटो क्रमांक एम.पी.21आर-5231 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी थी। चोट लगने से 73 वर्षीय जगमेल सिंह पिता बचिंत सिंह घायल हो गए थे। इसमें पन्ना मोड़ निवासी 70 वर्षीय स्वरदीप उर्फ स्वर्णजीत कौर पति जगमेल सिंह की तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर एक्सीडेन्ट कर चोट पहुंचाने पर इलाज दौरान मौत हो गई थी। प्रधान आरक्षक बृजनंदन सिंह ने बताया कि इसमें आरोपी आटो चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### प्रौढ़ की उपचार दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र निवासी एक प्रौढ़ की उपचार दौरान मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झुरही टोला निवासी 50 वर्षीय मन्ना राम कोल पिता रामदास कोल को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर मौत हो गई है। सहायक उपनिरीक्षक दीपेन्द्र शर्मा ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# रीठी मार्ग पर फिर बढ़ रहा पारधियों का आतंक

### लूटपाट के इरादे से बाइक सवार दंपत्ति पर बरसाए पत्थर, पति गंभीर, बाल-बाल बची पत्नी



कटनी, यशभारत। रीठी थाना अंतर्गत ग्राम देवगांव में बसे पारधियों का आतंक एक बार फिर बढ़ने लगा है। पारधी समाज के कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के युवक एक बार फिर कटनी-रीठी मार्ग पर सक्रिय होकर राहगीरों के साथ मारपीट व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। बीती सोमवार की देरशाम पत्नी का उपचार कराकर वापस गांव लौट रहा एक बुजुर्ग ऐसी ही एक घटना का शिकार हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक देवगांव से लगे ग्राम खमरिया निवासी किशोरीलाल यादव सोमवार को अपनी पत्नी का उपचार कराने जबलपुर गया था। बताया जाता है कि जबलपुर से उपचार कराकर पति-पत्नी दोनों कटनी से मोटर सायकल से अपने घर लौट रहे थे। उसीदौरान ग्राम देवगांव के समीप कटनी-रीठी रोड पर पारधी समाज के कुछ युवकों ने लूटपाट के इरादे से बाइक सवार पति-पत्नी पर पथराव कर दिया। जिसके कारण दोनों पति-पत्नी बाइक से गिर गए। इस दौरान पत्नी ने शोर मचाते हुए जब यह कहा कि वह भी यहीं के रहने वाले हैं तो आरोपी युवक वहां से भाग गए। बाद में हमले में घायल किशोरीलाल यादव को रीठी सामुदायिक केन्द्र में भर्ती कराया गया। घटना की शिकायत पुलिस से भी की गई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की पतासाजी कर रही है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व भी यहां ऐसी वारदातें पारधी समाज के युवकों के द्धारा घटित की गई हैं लेकिन बीच में पुलिस की सक्रियता से वारदातें थम गई थी लेकिन एक बार फिर पारधी समाज के अपराधिक प्रवृत्ति के युवक ग्राम देवगांव के समीप कटनी-रीठी मार्ग पर सक्रिय होने लगे हैं तथा राहगीरों के साथ मारपीट व लूटपाट करने लगे हैं।

### ग्रामीणों ने की पुलिस गश्त की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है तथा उन्होने इस समस्या का ध्यान पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए ग्राम देवगांव के समीप कटनी-रीठी मार्ग पर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# दहेज के लिए प्रताड़ित हो रही महिला निरीक्षक

### पति सहित ससुराल पक्ष पर दर्ज कराई एफआइआर

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाने में महिला निरीक्षक ने पति सहित 12 लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत पर एफआइआर दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस लाइन में पदस्थ निरीक्षक मधु पटेल पुलिस लाइन कटनी निवासी मानेगांव रांझी जबलपुर का 3 मई 2022 को विवाह पटवारी उमेश सिंह कुर्मी निवासी गढ़ी करैहा शाहनगर के साथ हुआ है। मधु पटेल ने बताया कि विवाह के बाद पति सहित सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर, ननद सहित अन्य लोगों द्वारा दहेत की मांग की जा रही है। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर पति सहित 12 लोगों के खिलाफमामला दर्ज हुआ है। धारा 498ए दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए माधवनगर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### 20 लाख नगद सहित कई मांगे

निरीक्षक मधु पटेल ने बताया कि शादी के बाद से ही पति सहित ससुराल वालों द्वारा परेशान किया जा रहा है। पति उमेश सिंह द्वारा दहेज में 20 लाख रुपए नगद, जितना मिलता वेतन है वह पूरा देने, एटीएम, डेविड क्रेडिट कार्ड की मांग की जा रही है। सब कुछ नहीं देने पर नहीं रखने की बात कही जा रही है। प्रताड़ना से परेशान होकर एफआइआर दर्ज कराई गई है। पति द्वारा भी झूठे आरोप लगाकर शिकायतें की जा रही हैं।



# पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने उमड़ा भक्तों का सैलाब

## श्रीमद्भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद

**कटनी, यशभारत। लखेरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर महारूद्रअभिषेक किया तथा भागवत कथा श्रवण की डॉ अनिल शास्त्री के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रथम दिवस की कथा मे डॉ अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत पुराण जैसी धार्मिक कथाएं मनुष्य के जीवन में सकारात्मकता का प्रवाह करते हुए उसे सत मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। समय निकाल कर कुछ देर तक सच्चे मन से इस कथा का श्रवण करने वाले भक्तों की मनोकामना भगवान जरूर पूरी करते हैं।**

डॉ शास्त्री ने धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। द्रौपदीए कुन्ती महाभागवत नारी है। कुन्ती स्तुति को विस्तारपूर्वक समझाते हुए परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने अच्छे ओर बुरे कर्मो की परिणिति को विस्तार से समझाते हुए आत्मदेव के पुत्र धुंधकारी ओर गौमाता के पुत्र गोकरण के कर्मो के बारे में विस्तार से वृतांत समझाया ओर धुंधकारी द्वारा एकाग्रता पूर्ण भागवत कथा श्रवण से प्रेतयोनी से मुक्ति बताई तो वही धुंधकारी की माता द्वारा संत प्रसाद का अनादर कर छलण्कपट से पुत्र प्राप्ती ओर उसके बुरे परिणाम को समझाया।मनुष्य जब अच्दे कर्मो के लिए आगे बढता है तो सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है ओर हमारे सारे कार्य सफ्ल होते है। ठीक उसी तरह बुरे कर्मो की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियॉ हमारे साथ हो जाती है। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। छल ओर छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। छल रूपी खटाई से दुध हमेशा फटेगा। छलछिद्र जब जीवन में आ जाए तो भगवान भी उसे ग्रहण नहीं करते है. निर्मल मन प्रभु स्वीकार्य है। छलछिद्र रहित ओर निर्मल मन भक्ति के लिए जरूरी है।पहले दिन भगवान के विराट रूप का वर्णन किया गया। इसे सुन श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए। भजनए गीत व संगीत पर श्रद्धालु झूमते रहे। श्रीमद्भागवत कथा के इस पावन अवसर पर श्रोता के रूप गुरु परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे।

# क्रूर बाबा पहाड़ी में युवक ने लगाई फांसी

कटनी, यशभारत। माधवनगर थाना अंतर्गत कूर बाबा पहाड़ी निवार में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय आकाश पिता स्वर्गीय सुनील प्यासी कूर बाबा पहाड़ी निवार ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। निवार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय- आयुध निर्माणी कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित, कटनी (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक 29 — सूचना — दिनांक 08.08.2022

संस्था के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.08.2022 दिन रविवार को समय सुबह 9 बजे संस्था परिसर में आयोजित की गई है।

सूचना की प्रति सदस्यों को व्यक्तिसः प्रदाय की गई है। आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रबंधक
आ.नि.कर्म.स.सा.स.
मर्या.कटनी पं.क्रं. 1107
(म.प्र.)

अध्यक्ष
आ.नि.कर्म.स.सा.स.
मर्या.कटनी पं.क्रं. 1107
(म.प्र.)

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 11th August 2022


TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्धारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## बारिश में बढ़ रहा वायरल संक्रमण

# ओपीडी में हर तीसरा मरीज सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित

**भोपाल,यशभारत। मौसम में नमी की वजह से वायरसए बैक्टीरिया और फंगस से होने वाली बीमारियां बढ़ गई हैं। शहर के प्रमुख अस्पताल एम्सए जेपी और हमीदिया अस्पताल में मेडिसिनए नाकए कान एवं गला और शिशु रोग विभाग की ओपीडी में आने वाला हर तीसरा मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द और दस्त से पीड़ित होता है। इनमें करीब 10 प्रतिशत मरीजों को भर्ती करने की जरूरत भी पड़ रही है।**




### यह रखें सावधानी

- बारिश में भीगने से बचें।
- ज्यादा ठंडी चीजें नहीं खाएं।
- भीड़ में नहीं जाएं। मास्क लगाकर रखें।
- सर्दी.जुकाम और बुखार होने पर खुद को आइसोलेट कर लें।
- चिकित्सक की सलाह के बिना एंटीबायोटिक नहीं खाएं।
- बुखार की स्थिति में आराम करें और पानी एवं अन्य चीजें मिलाकर करीब चार लीटर तरल पदार्थ लें।

हमीदिया अस्पताल के नाकए कान एवं गला रोग विभाग के सह प्राध्यापक डा. यशवीर जेके ने बताया कि वर्षा का मौसम शुरू होने के साथ ही वायरल फीवर के मरीज अन्य दिनों के मुकाबले बढ़ गए थे,लेकिन अब पहले के मुकाबले इनकी संख्या हफ्ते भर से दोगुनी हो गई है। उन्होंने बताया कि सर्दी, जुकाम, बुखार और पेटदर्द वाले मरीजों में करीब 20 प्रतिशत गंध और स्वाद नहीं आने की शिकायत भी कर रहे हैं। उन्हें कोरोना की जांच कराने की सलाह भी दी जा रही है। इनमें कुछ कराते हैं तो कुछ नहीं कराते। उन्होंने बताया वायरल फीवर को ठीक होने में करीब पांच दिन लग रहे हैं। हालांकिए मरीज गंभीर नहीं हो रहे हैं। एलएन मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डा. आदर्श वाजपेयी ने बताया कि इस समय वायरल फीवर के साथ दस्त के मरीज भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। बच्चों में यह दिक्कत ज्यादा देखने को मिल रही है। यह कोरोना के लक्षण भी हो सकते हैंए लेकिन मरीज जांच ही नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हफ्ते भर से ओपीडी में मरीजों की संख्या करीब 40 प्रतिशत बढ़ गई है।

हमीदिया अस्पताल के छाती व श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डाण् लोकेन्द्र दवे ने कहा कि उनकी ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब आधे ऐसे होते हैंए जो खुद मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक दवाएं खरीदकर खा लेते हैं। जब फायदा नहीं होता और तकलीफबढ़ने लगती है तो चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि गले में खिंचाव के साथ दर्द और बुखार हो तो डाक्टर को दिखाने में देर नहीं करना चाहिए।

### डाक्टरों की सलाह के बाद भी कोरोना जांच कराने को तैयार नहीं हो रहे मरीज

जेपी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डा. जेके चौरसिया ने बताया कि ओपीडी का समय शाम चार बजे खत्म होने के बाद सर्दी.जुकाम और बुखार वाले मरीज इमरजेंसी में आ जाते हैं। इन मरीजों में कोरोना के लक्षण दिखने के बाद भी वह जांच कराने को तैयार नहीं होते। दूसरी बात यह कि मरीज आइसोलेशन की परवाह नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीज हाई रिस्क वाले होते हैंए जिनके लिए कोरोना की जांच जरूरी होती है।



# भोपाल में हर-घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली तिरंगा रैली

## आजादी के अमृत महोत्सव पर हर-घर तिरंगा अभियान

**भोपाल ,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो गई है। इसके तहत मध्य प्रदेश पुलिस अलग-अलग जिलों में तिरंगा रैली निकाल रही है। साथ ही लोगों को तिरंगा अभियान में अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित कर रही है। भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर-घर तिरंगा अभियान के तहत डीसीपी हेडक्वार्टर विनीत कपूर के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर पुराने पुलिस कण्ट्रोल रुम से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली कण्ट्रोल रूम से प्रारंभ होकर राजभवन तिराहे से वापस नियंत्रण कक्ष में समाप्त हुई। रैली के दौरान जवानों ने भारत माता की जय एवं अन्य देश भक्ति नारे लगाये। इस दौरान आमजन द्वारा भी देश भक्ति के नारे लगाकर एवं तालियां बजाकर तिरंगे का सम्मान करते हुए पुलिस जवानों का उत्साहवर्धन किया। देश-भक्ति, जन-सेवा का संदेश देते हुए भोपाल पुलिस जनता की सेवा हेतु सदैव तत्पर है, ये संदेश भी उपरोक्त पम्प्लेट के माध्यम से जन सामान्य में दिया जायेगा, जन सेवा से ही देश भक्ति करने के उद्देश्य से भोपाल पुलिस ने अपनी प्रतिबद्धता, पुलिस रिस्पांस के माध्यम से करने का संदेश भी दिया, जो आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 7 दिनो तक उल्लास से उत्सव के रूप में मनाने की पुलिस की योजना का संदेश भी दिया। रैली में एसीपी हेडक्वार्टर स्वाती मुराव, आरआई दीपक पाटिल एवं नगर नियंत्रण कक्ष, एसएएफ, क्यूआरआफ समेत करीब 150 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। बैरागढ़ थाना प्रभारी डी पी सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई, जो संत नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बैरागढ़ थाने पर समाप्त हुई। इस रैली में वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे भी पुलिसकर्मियों ने लगाये।

# महिला सशक्तीकरण के लिए अब मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना लागू करेगी मप्र सरकार

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों के गठन के बाद अब शिवराज सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना लागू करेगी। इसमें महिला उद्यमियों के साथ ग्रामीण और शहरी महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण लेने पर दो प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही क्षमता विकास, उत्पाद के प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियों के लिए ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसे तीन साल में छह किस्तों में लौटाना होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना तैयार कर लिए है, जिसे अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। भूखंड आवंटन में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता- सूत्रों के मुताबिक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। इन्हें बैंकों से ऋण दिलाने के साथ उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री के प्रबंध भी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रविधान किए गए हैं। भोपाल और इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर भूखंड देने का निर्णय लिया गया है।

# भोपाल में झमाझम, कहीं - कहीं भारी वर्षा होने के भी आसार

**भोपाल यशभारत।** अलग-अलग स्थानों पर पांच मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। मानसून ट्रफ भी मध्यप्रदेश में अपनी सामान्य स्थिति से काफी नीचे मौजूद है। बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब का क्षेत्र मंगलवार दोपहर को आगे बढ़कर भुवनेश्वर तक आ गया है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ जिलों में झमाझम वर्षा हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक भोपाल (नया शहर) में 54.4 (लगभग दो इंच), बैतूल में 42, भोपाल (एयरपोर्ट) में 17.6, छिंदवाड़ा में नौ, पचमढ़ी में पांच, नर्मदापुरम में 0.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं अति वृष्टि भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से लगातार मिल रही नमी से मप्र के अधिकतर जिलों में वर्षा का सिलसिला जारी है। बंगाल की खाड़ी से अवदाब का क्षेत्र आगे बढ़ने लगा है। इस मौसम प्रणाली के बुधवार को और आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। जिसके चलते वर्षा की गतिविधियों में और तेजी आने की संभावना है। कुछ जिलों में अति वृष्टि होने की भी आशंका है। **ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय** मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में अवदाब का क्षेत्र ओडिशा के भुवनेश्वर एवं उसके आसपास बना हुआ है। मानसून ट्रफ नलिया, अहमदाबाद, इंदौर, जबलपुर, रायपुर से होकर बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के क्षेत्र तक बना हुआ है। महाराष्ट्र से लगी मध्यप्रदेश की सीमा पर शियर जोन (विपरीत दिशा की हवाओं पूर्वीङ्कपश्चिमी का टकराव) बना हुआ है।



### बड़ी झील का जलस्तर बढ़ते ही खुले भदभदा डेम के गेट

छह बजे बड़ी झील का जल स्तर अपने उच्चतम स्तर 1666.80 फीट पर पहुंच गया। इससे नगर निगम द्वारा शाम के समय भदभदा डेम का एक गेट खोल दिया गया। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग दो इंच वर्षाहुई है। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले चौबीस घंटे में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बताया कि बुधवार को ढाई से साढ़े चार इंच तक वर्षा होने की संभावना है। रात से ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह तेज वर्षा हुई और फिरथम गई लेकिन 11 बजे से तेज वर्षा शहर की सड़कें तालाब बन गईं।

# सावन की रिमझिम बारिश के बीच भजनों में डूबे भक्त

### रंगकृति समारोह संपन्न

**भोपाल यशभारत।** सावन की रिमझिम बारिश, गरजते मेघ और चमकती बिजली के बीच मंगलवार को भजनों का ऐसा दौर चला कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अवसर था आजादी के अमृत वर्ष के अवसर पर रंगकृति नाट्य समिति द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की सांस्कृतिक समारोह एवं प्रस्तुति अनुदान योजना के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय रंगकृति उत्सव के समापन का। आखिरी दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री हनुमान मंदिर, बोगदा पल में आयोजित कार्यक्रम में शाक्य बंधुओं द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं भजनों की प्रस्तुति ने भक्त जनों का मन मोह लिया। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 44 के पार्षद विमलेश ठाकुर एवं विशेष अतिथि के रूप में सर्व विश्वकर्मा समाज समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा उपस्थित थे। मारुति मंडल द्वारा शाक्य बंधुओं के निर्देशन में सुंदरकांड की शानदार प्रस्तुति हुई। इसके बाद गणेश वंदना से भजनों की प्रस्तुति प्रारंभ हुई। शाक्य बंधुओं ने अजब हैरान हूं भगवन, तुम्हें कैसे मनाऊं..., मंगल मूर्ति राम दुलारे...एवं भोले बाबा से लिपटी जाए नागिनिया... जैसे भजनों की प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद लोगों मन मोह लिया। इसके बाद प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है... , चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..., शंकर भोलेनाथ हमारा तुम्हारा... और मैं आया हूं तेरे द्वार बम बम भोले... जैसे भजनों ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। शाक्य बंधुओं के साथ वृंदावन साहू, मनोज शाक्य, भूपेंद्र शाक्य ने स्वर दिए। ढोलक पर नारायण पटेल, बैंजो पर संजय एवं रमन श्रीवास ने संगत की। उल्लेखनीय है कि रंगकृति समारोह का शुभारंभ सात अगस्त को शहीद भवन में हुआ था। पहले दिन तमिल और सिंधी लोक नृत्य के साथ घूमर नृत्य की प्रस्तुतियों के बाद दूसरे दिन नाटक का मंचन हुआ। समापन सभा हनुमान मंदिर में सजी।

### 1300 से कम हुए प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीज

# 54 मरीज अस्पतालों में

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 1300 से नीचे आ गई जो कि 10 दिन पहले 1500 से ज्यादा थी। अभी 1297 सक्रिय मरीज हैं। इनमें 54 मरीजों का निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इसके अलावा 13 संदिग्ध मरीजों का इलाज भी चल रहा है। अस्पतालों में भर्ती संक्रमितों में से 18 इंदौर और 12 भोपाल के हैं। उधरए सोमवार को प्रदेश में सिर्फ4602 सैंपलों की ही जांच हुई। इसमें 112 संक्रमित मिले हैं। इनमें भोपाल के 16 और इंदौर के 35 हैं। इसके पहले हर दिन करीब सात हजार सैंपलों की जांच हो रही थी। स्वास्थ्य संचालनालय की अपर संचालक डाण् वीणा सिन्हा ने बताया कि त्योहार चल रहे हैं। इसके अलावा वर्षा का मौसम भी है। इस कारण जांच कराने के लिए कम लोग आ रहे हैं। दूसरे बात यह भी है कि जो लोग संक्रमित हो रहे हैं उन्हें बहुत हल्के लक्षण हैं। लोग साधारण सर्दी.जुकाम समझकर जांच कराने के लिए ही नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि संक्रमितों में से हर दिन करीब 30 से 40 प्रतिशत ऐसे होते हैं जिन्होंने टीका नहीं लगवाया।




# प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज

### पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ धोखाधड़ी

**भोपाल,यशभारत।** एमपी नगर थाना पुलिस ने इस वर्ष मार्च में पीईबी द्वारा आयोजित आन लाइन प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए पांच परीक्षार्थियों के खिलाफ धोखाध?ी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों ने परीक्षा में फर्जी तरीके से सभी प्रश्नों के उत्तर सही दे दिए, जबकि परीक्षा के दौरान दो घंटे तक उनके कम्प्यूटर की स्क्रीन बंद थी। एमपी नगर थाने के एसआइ रंजीत मिश्रा के मुताबिक पीईबी के परीक्षा नियंत्रक डा. धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल ने सोमवार को एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसकी जांच के बाद पुलिस ने परत सिंह रावत, भुवनेश्वर शर्मा, नीलम केमोर, निशा सोलंकी और मनोज कुमार पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी एवं परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। एक आरोपित सागर का जबकि शेष चार ग्वालियर के रहने वाले हैं। डा.अग्रवाल ने बताया कि पीईबी ने मार्चङ्क2022 में आनलाइन प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें प्रदेश भर के परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस परीक्षा में पांचों आरोपित भी शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान आरोपितों ने कम्प्यूटर की स्क्रीन बंद होने के बावजूद पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर फर्जी तरीके से सही दिए थे। इस परीक्षा में उन्होंने पूरे अंक प्राप्त किए। जानकारी के मुताबिक एक परीक्षार्थी सागर के ज्ञानवीर कालेज से और शेष चार उम्मीदवार ग्वालियर के सर्वधर्म एग्जाम सेंटर से परीक्षा में शामिल हुए थे। ज्ञानवीर कालेज प्रदेश के परिवाहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का है। परीक्षा के दौरान करीब दो घंटे तक संबंधित परीक्षार्थियों की कम्प्यूटर स्क्रीन आफ होने के मामले की जांच में सामने आया कि फर्जवाड़ा करते हुए सभी प्रश्नों के सही उत्तर देकर पूर्ण अंक प्राप्त किए गए हैं। बाद में मनोज कुमार पटेल के पेपर का स्क्रीन शाट वायरल भी हुआ था।

# पत्नी ने समझौते से किया इंकार, तो पति ने फेंका एसिड

**भोपाल, यशभारत।** अशोका गार्डन पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर सोमवार देर रात उसके पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और एसिड अटैक का मुकदमा दर्ज किया है। घटना दो अगस्त को प्रभात चौराहे की बताई जा रही है। पीड़िता छह दिन तक उपचार कराती रही, बीती रात वह थाने पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। दोनों ने एक साल पहले इंटर रिलीजन मैरिज की थी। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। आज घटना के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। अशोका गार्डन थाना प्रभारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 33 वर्षीय महजबीन खान (बदला हुआ नाम) मूलत-बालाघाट की निवासी है। वह ग्रेजुएशन के बाद प्रायवेट जॉब करती थी। फिलहाल जॉब की तलाश में भोपाल में रह रही है। फेसबुक पर उसकी दोस्ती आरोपी फतेहपुर सीकरी निवासी शिवा चौधरी से हो गई थी। दोनों में इंटरनेट मीडिया पर ही प्यार हो गया। इसके बाद में दोनों के बीच कई बार मुलाकात हुई। पिछले साल दोनों ने परिजनों की मर्जी के बगैर अपने-अपने घर से भागकर शादी कर ली। शादी के बाद दोनों आगरा, फतेहपुर आदि स्थानों पर रहे। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद होने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति मायके से दहेज में नकदी लाने के लिए प्रताड़ित करता था। उसके साथ में मारपीट की जाने लगी थी। आए दिन के विवादों से तंग आकर फरियादी महिला पति से अलग भोपाल में आकर रहने लगी। यहां पति बीते 2 अगस्त को आया, दिन भर फोन पर मिलने के लिए मनाता रहा। देर रात महिला उसे मिलने के लिए राजी हुई, तब युवक ने उसे प्रभात चौराहा पर बुलाया। वहां दोनों में बहसबाजी हुई और आरोपी ने पीडि़ता पर बॉटल में भरा हुआ एसिड डाल दिया। इससे लड़की के शरीर के कई हिस्से झुलस गए। उसकी एक आंख बुरी तरह से झुलसी है। पीठ, एक हाथ और गले में भी झुलसने के निशान हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता ने सुनाई आपबीती

# साबूदाने जैसी गोली, भभूत खिलाकर कर दिया बेहोश, फिर किया बाबा ने गंदा काम

**भापाल, यशभारत।** संतान पाने के लिए महिला मिर्ची बाबा के पास दवा लेने गई थी। बाबा ने उसे साबूदाने जैसी गोलियां और भभूत दी। साथ ही बोला कि ऊपर के कमरे में जाकर आराम से बैठो और प्रसाद खा लो। कुछ देर बाद बाबा भी कमरे पहुंचा और बातें करने लगा। इस दौरान महिला को चक्कर आने लगे और वह बेहोश हो गई। तब बाबा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर जब उसने गलत काम का विरोध किया तो बाबा ने धमकाया कि मुझे नागा बाबा का दर्जा मिला हुआ है, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकोगी। यह आपबीती पीडि़ता ने पुलिस को बताई है। मंगलवार को महिला की शिकायत पर मिर्ची बाबा के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पीडि़ता के बयान भी दर्ज कराए हैं। पुलिस ने संभावना जताई है कि बाबा के खिलाफ कुछ और शिकायतें भी सामने आ सकती हैं।

हाथ देखकर बोला था कि तुमको संतान हो जाएगी

पुलिस को की शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि शादी के चार साल बाद भी कोई संतान नहीं होने से उसने झाड़-फूंक का भी सहारा लिया था, लेकिन बच्चा नहीं हो रहा था। एक माह पहले उसे मोहल्ले की महिलाओं से मिर्ची बाबा के बारे में पता चला था। बाबा से फोन पर संपर्क होने पर वह मिनाल रेसीडेंसी स्थित बाबा के घर पहुंची थी। वहां उनका चेला गोपाल और एक घर का काम करने वाली महिला मिली थी। चाय पिलाने के बाद बाबा ने बात करते हुए उसका हाथ देखा और बोला कि तुमको संतान हो जाएगी। इसके बाद साबूदाने जैसी गोलियां और भभूत दी। बोला कि गोली घर में रख देना और भभूत खा लेना। पति को सारी बातें बताने के बाद बाबा के कहे अनुसार वह 17 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे बाबा के घर पहुंच गई थी। वहां कमरे में गोलियां, भभूत खाने के बाद उसे चक्कर आने लगे, तभी बाबा ने उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया था। होश आने पर विरोध करने पर बाबा ने बोला कि बच्चे ऐसे ही पैदा होते है। साथ ही घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर उसे और उसके पति को मरवाने की धमकी भी दी थी। घटना के बारे में उसने अपनी गुरुभाई को बताया था। यह बात उसके पति ने सुन ली थी। इसके बाद पति ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह गुरुभाई के घर पर रह रही थी। रविवार को भी मिर्ची बाबा ने धमकी दी थी कि रिपोर्ट करेगी तो तुझे जान से मरवा दूंगा। लेकिन इसके बाद भी उसने हिम्मत करके शिकायत दर्ज कराई।



रायसेन की महिला से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार वैराग्यानंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा से पुलिस क्राइम ब्रांच में पूछताछ कर रही है। यह पता चला है कि मिर्ची बाबा के पोस्टर में लिखे मोबाइल नंबर पर बात करने के बाद महिला बाबा के संपर्क में आई थी। निस्संतान होने से दुखी महिला को बाबा ने बच्चा पैदा करने के लिए दवाई देने का झांसा दिया था। इसके बाद बाबा ने महिला के साथ अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में दुष्कर्म किया था।एसीपी महिला अपराध शाखा निधि सक्सेना ने बताया कि सोमवार को रायसेन निवासी 28 वर्षीय महिला ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि शादी के सात साल बाद भी उसकी कोई औलाद नहीं थी। उसने कुछ माह पहले मिर्ची बाबा का पोस्टर लगा देखा था।



# फारेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित होगा मुख्य समारोह

## निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए व्यवस्थाओं के निर्देश

कटनी,यशभारत। जिले में स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह इस बार फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा जहां मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले 2-3 सालों से कोविड महामारी के चलते स्वाधीनता दिवस समारोह पुलिस ग्राउंड झिंझरी में आयोजित किया जाता था। कोविड की बंदिशें समाप्त हो जाने के बाद अब पुन: स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह फारेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आयुक्त-उपाध्युक्त पवन कुमार अहिरवार को प्रभारी नियुक्त करते हुए स्वाधीनता दिवस समारोह के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को भी पृथक-पृथक दायित्व सौंपे गए हैं। नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रात: 8 बजे आयोजित होगा। जहां निगम की नवनिर्वाचित महापौर प्रीति सूरी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु नगर निगम कटनी से संबंधित संपूर्ण आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त कटनी को प्रभारी अधिकारी बनाया जाकर निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को पृथक-पृथक दायित्व सौपे है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम कार्यालय में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगी। निगम की लोक निर्माण शाखा के कार्यपालन यंत्री एवं अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यक्रम स्थल की दीवारों, सीढियों की मरम्मत पुताई, सुभाष चौक, जवाहर चौक, जयहिन्द चौक शहीद द्वार सहित अन्य ध्वजारोहण स्थलों की साफसफाई एवं पुताई, कार्यक्रम स्थल के लेबलिंग का कार्य, बेरीकेटिंग व्यवस्था, मानसून पर्व को दृष्टिगत रखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल, सीढियों के समानान्तर शामियाना व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, ध्वज दण्ड एवं नीचे पेंटिंग, चबूतरे की साज-सज्जा, बैटरी युक्त माईक, स्पीकर, अंडरग्राउण्ड माईक जनरेटर सहित नगर के मार्गो के गढ्ढों की भराई का दायित्व सौपा गया है। प्र.अधिकारी मुख्य स्टोर्स को खादी के ध्वज, रस्सी, फूल माला,आमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लाकतंत्र सेनानियों के सम्मान हेतु शाल श्रीफल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये गए है। प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को ध्वजारोहण स्थलों, राष्ट्रीय स्मारकों, मुख्य समारोह स्थल के समस्त पहुंच मार्गो सहित नगर के अन्य स्थलों की विशेष साफ- सफाई एवं चूनें की लाईनिंग व कीटनाशक दवा का छिडकाव कराये जानें के साथ ही प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी को फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में एक फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था करानें के निर्देश प्रदान किये गए है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को पानी की व्यवस्था, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को समय पर आमंत्रण पत्र वितरण, कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, कार्यक्रम स्थल पर अधिकारी दीर्घा की व्यवस्था सहित स्वतंत्रता दिवस की संध्या को बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम हॉल में आजादी की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे जाकर व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है।

### स्वतंत्रता दिवस पर होगी विशेष प्रकाश व्यवस्था

निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों सार्वजकिन, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय, अशासकीय भवनों, ओव्हर ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था, आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक प्रकाश व्यवस्था के साथ ही निजी संस्थानों भवनों में रोशनी की अपील करनें के निर्देश निगम के विद्युत विभाग को दिए है। आजादी की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 से 15 अगस्त तक सभी कार्यालयों निगम द्वारा संचालित विद्याललयों में साज सज्जा एवं रोशनी सहित आजादी के अमृत महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों मुख्य चौराहों का चयन कर लाईटिंग की व्यवस्था एवं ध्वजारोहण की व्यवस्था करानें के निर्देश प्रदान किये गए है।



# रक्षाबंधन पर बांधा मंदिर में होगी महाआरती

**कटनी,यशभारत।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृन्दावन धाम बांधा में 11 अगस्त, गुरूवार को श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन के पुनीत अवसर पर सांय 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, भगवान भोलेनाथ जी एवं आदि शक्ति मां गायत्री जी के महाआरती एवं प्रसाद वितरण होगा। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, पं. महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, राघवेन्द्र दुबे, पप्पू पाठक, श्रीष गौतम, श्याम मिश्रा, अरूण तिवारी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, बड़ू सिंह ठाकुर, बहादुर कुशवाहा आदि ने धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

# करंट लगने से वृद्ध की मौत

**कटनी, यशभारत।** बाकल थाना क्षेत्र में खेर माई मंदिर के पीछे करंट लगने से वृद्ध की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 62 वर्षीय भगवतप्रसाद पिता सुखमन पटेल निवासी बाकल की करंट लगने से मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक अजय सिंह बैस ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# ब्रम्हकुमारी आश्रम झिंझरी में रोपे गए फलदार और औषधीय पौधे




**कटनी,यशभारत।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की और कार्यक्रम के तहत कल्पतरु अभियान वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की उपशाखा झिंझरी में कटनी टीआई अजय बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य सिविल लाईन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन झिंझरी प्रभारी बीके ज्योति बहन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छायादार और औषधीय पौधे रोपित किए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ आतिथियों के स्वागत और हाथों में पौधे लेकर धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लेते हुए हुआ। इस अवसर पर बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि मानव का प्रकृति के साथ गहरा संबंध है। जीवन भर हम वृक्षों से कुछ न कुछ लेते रहते हैं। वृक्ष हमें छाया देते हैं, फल देते हैं, शुद्ध वायु देते हैं जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य हैं कि हम छायादार और फलदार पौधे रोपकर उनका संरक्षण करें ताकि वे वृक्ष का स्वरूप ले सकें। मुख्य अतिथि कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह वृक्ष धरती को हरा-भरा करते हैं। हरियाली से ही सभी का जीवन उन्होंने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए इस कार्यक्रमों के लिए अपनी ओर से भी पौधे उपलब्ध करवाने में सहयोग की बात कही।

## सीईओ ने की सीएम हेल्पलाइन लंबित पत्रों की समीक्षा, दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# लापरवाह अधिकारियों को नोटिस,3 दिन में मांगा जवाब



**कटनी,यशभारत।** पंचायत और नगरीय निकाय के सभी निर्वाचन अब पूर्ण हो चुके हैं। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अब निर्वाचन कार्यों के दायित्व से मुक्त हो चुके हैं। ऐसे में अब सभी विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्प लाइन की लंबित शिकायतों पर ध्यान देकर उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना चाहिए। अधिकारी लंबित शिकायतों पर फोकस करें और समयावधि के भीतर इन शिकायतों का निराकरण करें। उक्ताशय के निर्देश सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए। सीईओ श्री गोमे ने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और जिन विभागों की शिकायतें अधिक लंबित हैं, उनके अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायत निराकृत करने में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को नोटिस देकर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने और संतुष्टिपूर्ण जवाब न मिलने पर वेतनवृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने सेंट्रल पीजी, सीएम मॉनिट, सीएम हाउस आदि की शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने प्राकृतिक खेती को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। देवारण्य योजना के तहत औषधि पौधों के रोपण के लिए सभी एसडीएम से अपने-अपने विकासखंडों में 5-5 एकड़ भूमि सुरक्षित कराने के भी निर्देश बैठक में दिए गए। सीईओ श्री गोमे ने स्थानीय समाधान कार्यक्रम में चयनित शिकायतों के प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने और विभिन्न आयोगों द्वारा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त कर लेने वाले विभागों से राशि जमा कराने और झंडा संहिता के अनुरूप झंडे न होने पर उन्हें अलग कराने के निर्देश दिए। सीईओ ने 15 अगस्त को मुख्य समारोह में सम्मानित होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की सूची सभी विभागों से 10 अगस्त तक जमा कराने के भी निर्देश बैठक में दिए। इसके अलावा समर्थन मूल्य पर उपार्जन को लेकर मूंग, उड़द का सत्यापन कार्य भी जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# कचनारी में अंकुर अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**कटनी,यशभारत।** अंकुर अभियान अंतर्गत सोमवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कचनारी में जन चेतना विकास संस्था द्वारा 80 पौधों का रोपण किया गया। विरासन माता परिसर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कचनारी, मुखास समिति, छिताफल, लालपुर, सिलोडी, गौरा के समिति सदस्यों के सहयोग से ग्रामीणों ने पौधों का रोपण किया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेजसिंग केशवाल, ब्लॉक समन्वयक बबिता शाह, प्रशांत राय, विकास हल्दकार, सरपंच बहादुर सिंह, सुशील परस्ते सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग में रोपे गए पौधे

अंकुर अभियान के तहत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय परिसर में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री लाजरूस केरकेट्टा सहित अधिकारी कर्मचारियों ने पौधों का रोपण किया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान एसडीओ टीपी गुरद्वान, टीएस पांडे, भारत चौकसे, शरद मिश्रा, मुकेश वर्मा, तोषिक जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा, बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

## कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

कटनी,यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नगर में बलून कार्यक्रम, तिरंगा यात्रा और मानव श्रंखला बनाकर लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वृहद रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रैली में प्रतिभागियों की उपस्थिति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक को दायित्व सौंपा गया है। रैली में महाविद्यालय, विद्यालयों के छात्रों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, एनआरएलएम, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र, जनपद पंचायत और सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहेंगे। स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय की दो एम्बुलेंस भी दल सहित रैली में शामिल रहेंगी। जिसके लिए सीएमएचओ को व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा फारेस्टर प्लेग्राउंड में हर घर तिरंगा लेखन, तिरंगा बैलून सहित अन्य व्यवस्थाएं आयुक्त नगर निगम देखेंगे। मानव श्रंखला निर्माण कराने के लिए डीईओ एवं प्राचार्य तिलक कॉलेज को व्यवस्था सौंपी गई है। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने बताया कि रैली व मानव श्रृंखला कार्यक्रम की ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

### जन अभियान परिषद ने निकाली तिरंगा रैली



ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनारी में सोमवार को जन अभियान परिषद द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली विरासन देवी माता मंदिर से प्रारंभ होकर 3 किलोमीटर भ्रमण कर ग्राम मझगवां पहुंची। रैली के दौरान परिषद के सदस्यों ने ग्रामीणों को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों में फहराने को लेकर जागरूक किया। तिरंगा रैली के दौरान जन अभियान के जिला समन्वयक तेजसिंग केशवाल, बबिता शाह सहित अन्य जन उपस्थित रहे।



### अपने-अपने घरों में फहराएंगे तिरंगा

हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक लोग 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं, इसको लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी छात्रों ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने छात्रों को झंडा संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली





शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी व महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थियों की सहभागिता रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके खरे के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली का शुभारंभ शासकीय तिलक महाविद्यालय परिसर से किया गया। रैली ने मुख्य मार्ग से दुर्गा चौक तक भ्रमण किया और वापस कॉलेज परिसर में समापन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद बरही द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर परिषद से प्रारंभ हुई जागरूकता रैली ने नगर का भ्रमण किया और लोगों को अभियान में शामिल होकर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय स्लीमनाबाद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरिता पांडे ने विद्यार्थियों को अभियान के संबंध में जानकारी दी और 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिकों को अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। निगमायुक्त ने आयोजित कार्यक्रमों की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

# एमएस धोनी ने 2 चीजों से कभी नहीं किया समझौता



## पूर्व फील्डिंग कोच का खुलासा

**नई दिल्ली,,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भारतीय क्रिकेट की बेहतरी के लिए किए गए बदलावों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कप्तान के तौर पर टीम को सर्वोपरि रखा। धोनी ने 2007 में भारतीय टीम के कप्तान के रूप में पदभार संभाला और तब से भारतीय क्रिकेट ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनके नेतृत्व में भारत ने आईसीसी की तीनों बड़ी ट्राफियां - टी20 विश्व कप, 50 ओवर का विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती। उन्होंने भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक तक पहुंचाया। एमएस धोनी ने कई साहसिक और दुस्साहसिक निर्णय लिए, कुछ ऐसे फैसले जिन्होंने भारतीय क्रिकेट के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने रोहित शर्मा को एकदिवसीय मैचों में ओपन कराया और अपने पहले कुछ टेस्ट में विफलताओं के बावजूद विराट कोहली का सपोर्ट किया। हम सभी जानते हैं कि धोनी के ये फैसले कैसे साबित हुए। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने बताया है कि एमएस धोनी ने दो चीजों से कभी समझौता नहीं किया और न ही करने दिया।

सालों तक भारतीय क्रिकेट बल्लेबाजी और गेंदबाजी के ले जानी जाती थी, लेकिन धोनी के नेतृत्व में फील्डिंग और फिटनेस को समान रूप से ध्यान और महत्व मिलने लगा। भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर, जो 2014 में टीम का हिस्सा बने थे, जब धोनी कप्तान थे। उन्होंने याद करते हुए बताया है कि कैसे भारत के पूर्व कप्तान ने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनके लिए दो ऐसे क्षेत्र हैं, जहां शालीनता के लिए कोई जगह नहीं थी। क्रिकेट डॉट कॉम से बात करते हुए श्रीधर ने बताया, च्एमएस जब वह कप्तान थे, तो उन्होंने फील्डिंग का नेतृत्व किया। इसके अलावा विकेट के बीच दौड़ना मेरे लिए आंख खोलने वाला था। एमएस ने कहा कि च्दो चीजें जो मेरे लिए समझौता करन वाली नहीं हैं, वह हैं फील्डिंग और विकेट के बीच दौड़नाज्। और यह कुछ ऐसा है जो अभी भी सच है। जिस तरह से उन्होंने फील्डिंग पर जोर दिया, विराट ने उसे आगे बढ़ाया। रवि ने हमेशा कहा कि 11 सर्वश्रेष्ठ फील्डर खेलेंगे। उन्होंने आगे कहा, च्मैंने कुछ बेहतरीन फील्डिंग सेशन उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और मोहित शर्मा के साथ बिताए हैं, जो एक तेज गेंदबाज होने के नाते एक महान फील्डर भी थे। इसके अलावा विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और मनीष पांडे जैसे खिलाड़ियों को आपने देखा होगा और उनकी फील्डिंग का आनंद लिया होगा। चहल, कुलदीप और केदार जैसे लोग ही हैं, जिन्होंने अपने कौशल पर वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे उन लोगों के साथ काम करने में बहुत मजा आया।।

# सौरव गांगुली के ट्वीट पर मचा बवाल महिला टीम की क्लास भी लगाथी

**नई दिल्ली ,एजेंसी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को लेकर किए गए अपने एक ट्वीट के चलते विवादों में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। गांगुली ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के फाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने टीम की क्लास भी लगाई थी।**



कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 महिला क्रिकेट को इस बार शामिल किया गया था, जिसमें टीम इंडिया को गोल्ड मेडल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी ओवर में 9 रनों से हार का सामना करना पड़ा। गांगुली ने इसके बाद भारतीय टीम को सिल्वर मेडल के लिए बधाई तो दी, लेकिन उनके ट्वीट में हार की टीस भी साफ नजर आई। गांगुली के इस ट्वीट के बाद अब क्रिकेट फैंस ने उनकी ही क्लास लगानी शुरू कर दी है।

पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्विटर पर लिखा था, च्भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सिल्वर मेडल के लिए बधाई... लेकिन वह स्वदेश निराश लौटेंगी, क्योंकि यह मैच पूरी तरह से उनका था।ज् गांगुली के इस ट्वीट के बाद दर्शकों ने पूर्व कप्तान को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया और साथ ही उन्हे जमकर ट्रोल भी किया। एक यूजर ने लिखा, च्उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें सिल्वर मेडल पर गर्व करना चाहिए।ज् एक अन्य यूजर ने लिखा, च्इस आदमी को शर्म आनी चाहिए। ये दुनिया के सबसे शक्तिशाली बोर्ड का अध्यक्ष है।

162 रनों के लक्ष्य का सामना करते हुए भारत ने 2.4 ओवर में 22 रनों तक स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा दोनों के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रॉड्रिगुएज ने मिलकर स्कोर को 118 रनों तक पहुंचाया। जेमिमा मेगन शूट की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुई। इसके बाद भारत ने लगातार विकेट पर विकेट गंवाए। हरमनप्रीत कौर भी दबाव में गैरजरूरी शॉट खेलकर आउट हुई।

भारतीय महिला टीम ने इस मैच में जबर्दस्त गेंदबाजी और फील्डिंग की, लेकिन बैटर्स ने जिस तरह से आखिरी ओवरों में हथियार डाले, वह देखना दुखद था। भारत और ऑस्ट्रेलिया में जो सबसे बड़ा फर्क नजर आया, वह दबाव झेलने का था। ऑस्ट्रेलिया मैच में पिछड़ने के बावजूद आखिरी दम तक लड़ी और फिर जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

# ट्रेंट बोल्ट न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर, क्या रिटायरमेंट लेगा ये गेंदबाज?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ट्रेंट बोल्ट को अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से मुक्त करने पर सहमति व्यक्त की है। न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर होन के बाद कहा जा रहा है कि वे रिटायरमेंट ले सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हैं। फिलहाल के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज को अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में टी20 लीग खेलने के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से दूरी बनाई है।

बोर्ड ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि इस फैसले का मतलब बोल्ट के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत नहीं है। हालांकि, न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि वे वर्तमान में अनुबंधित खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता देंगे। 78 टेस्ट मैचों और 130 से अधिक व्हाइट-बॉल मैचों का अनुभव रखने वाले बोल्ट ने कहा कि आने वाले वर्षों में अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, च्यह मेरे लिए वास्तव में एक कठिन निर्णय रहा है और मैं एनजेडसी (न्यूजीलैंड क्रिकेट) को इस मुकाम तक पहुंचने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना बचपन का सपना था और पिछले 12 वर्षों में ब्लैक कैप्स के साथ जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।ज्

आईसीसी के मुताबिक, ट्रेंट बोल्ट ने आगे अपने बयान में कहा, च्अंततः यह फैसला मेरी पत्नी गर्ट और हमारे तीन युवा लड़कों के बारे में है। परिवार हमेशा मेरे लिए सबसे बड़ा प्रेरक रहा है और मैं इसे सबसे पहले रखने और क्रिकेट के बाद खुद को जीवन देने के लिए तैयार करने में सहज महसूस करता हूं।ज्

बोल्ट वर्तमान में नंबर 1 ODI रैंक के गेंदबाज हैं। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने न्यूजीलैंड के लिए 93 मैचों में 169 विकेट लिए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कब खेलना शुरू करेंगे, यह देखा जाना बाकी है, लेकिन बोल्ट जानते हैं कि उनके निर्णय से भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए चुने जाने की संभावना कम हो जाएगी।

इस बारे में उनका कहना है, च्मुझे अभी भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बड़ी इच्छा है और मुझे लगता है कि मेरे पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का कौशल है। हालांकि, मैं इस तथ्य का सम्मान करता हूं कि राष्ट्रीय अनुबंध नहीं होने से मेरे चयन की संभावना प्रभावित होगी।



यह कहने के बाद, एक तेज गेंदबाज के रूप में मुझे पता है कि मेरा करियर सीमित है और मुझे लगता है कि इस अगले चरण में जाने का समय सही है।

# तेजस्वी प्रकाश और सारा अली खान को इस एक्ट्रेस ने दी मात, ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना संग बनी जोड़ी!



मुंबई ,एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना का नाम उन चुनिंदा सितारों में शुमार है, जो अपनी फिल्मों से न सिर्फ एंटरटेनमेंट करते हैं बल्कि कोई न कोई मैसेज भी देते हैं। बीते कुछ सालों में आयुष्मान ने कई हिट फिल्में दी हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ऐसे में अब 2019 में रिलीज हुई फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर आयुष्मान चर्चा में हैं। पहले पार्ट में जहां नुसरत भरूचा नजर आई थीं तो वहीं दूसरे पार्ट के लिए तेजस्वी प्रकाश और सारा अली खान का नाम सामने आया। हालांकि लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक एक दूसरी एक्ट्रेस ने सारा और तेजस्वी को मात दी है और फिल्म अब उनके खाते में आ गई है।

### अनन्या पांडे ने बाजी मारी

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम गर्ल में तेजस्वी प्रकाश या फिर सारा अली खान नहीं बल्कि अनन्या पांडे नजर आएंगी। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और एक्ट्रेस और फिल्म के मेकर्स ने इस पर कुछ भी नहीं कहा है। इस न्यूज के सामने आने से फैन्स काफी खुश हैं और पहली बार अनन्या पांडे और आयुष्मान खुराना को साथ देखना फैन्स के लिए काफी एक्साइटिंग होगा।

### लाइगर में बिजी अनन्या पांडे

बता दें कि इन दिनों अनन्या पांडे अपनी अपकमिंग फिल्म लाइगर का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। फिल्म में अनन्या के साथ विजय देवरकोंडा नजर आ रहे हैं। अनन्या और विजय, देश के अलग अलग हिस्सों में जाकर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। प्रमोशन के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी शेयर भी किए गए हैं। इस फिल्म में विजय और अनन्या के साथ ही माइक टायसन भी नजर आएंगे। 25 अगस्त को रिलीज होने वाली लाइगर, हिंदी के साथ ही तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी

### अनन्या के प्रोजेक्ट्स

गौरतलब है कि अनन्या पांडे ने फिल्म च्स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2ज् से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद अनन्या पांडे कार्तिक और भूमि के साथ फिल्म च्पति पत्नी और वोज् में नजर आईं। वहीं आखिरी बार वो ईशान खट्टर के साथ फिल्म च्खाली पीलीज् में दिखी थीं। जल्दी ही अनन्या, विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म लाइगर में नजर आएंगी। लाइगर के अलावा अनन्या पांडे, च्खो गए हम कहांज् में भी जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

### तेजस्वी का डेब्यू

बता दें कि इससे पहले ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि आयुष्मान खुराना संग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से तेजस्वी प्रकाश बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। इस न्यूज से तेजस्वी के फैन्स काफी खुश थे, क्योंकि इससे अच्छा बॉलीवुड डेब्यू और क्या ही हो सकता था। हालांकि उस वक्त भी इस खबर की पुष्टि नहीं हुई थी। तेजस्वी के बाद सारा अली खान का नाम सामने आया था, लेकिन ऐसा लगता है कि अब बाजी अनन्या पांडे ने मार ली है। वैसे फिर बता दें कि ये भी अभी तक इसका भी ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है।

# अक्षय की रक्षा बंधन या आमिर खान स्टारर लाल सिंह चड्ढा ही नहीं, इस वीकेंड ये वेब सीरीज भी कर सकते हैं एन्जॉय




मुंबई , एजेंसी। ,ह्ल्ह्यड्ड्यद्ध( अगस्त का महीना चल रहा है और इस महीने भी सिनेमा लवर्स के लिए काफी कुछ देखने को मिलेगा। वैसे तो पूरे महीने का सिनेमाई कैलेंडर हम आपको पहले ही बता चुके हैं, लेकिन उसे तारीख के हिसाब से याद रखना कई बार आसान नहीं होता है। ऐसे में आपको इस रिपोर्ट में बताते हैं कि इस वीकेंड आपके पास क्या क्या ऑप्शन रहेगा। वैसे आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और अक्षय कुमार की रक्षा बंधन की तो हर ओर चर्चा है, लेकिन इसके अलावा भी कुछ और ऑप्शन्स हैं, जो आप एन्जॉय कर सकते हैं। लॉक एंड की 3- एक हवेली है, जिस में कई सारी चाबियां हैं और ये चाबियां आम नहीं बल्कि जादुई हैं। हालांकि हर चाबी के लिए आपको दरवाजा चाहिए और फिर दिखता है इनका जादू। किसी चाबी से आप दुनिया की किसी भी जगह पहुंच सकते हैं, तो किसी चाबी से शरीर छोड़कर आत्मा बाहर जा सकती है। च्लॉक एंड कीज् के दो सीजन अभी तक रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया और तीसरे सीजन का इंतजार किया। ऐसे में लॉक एंड की 3 का तीसरा सीजन 10 अगस्त को नेटफिलक्स पर रिलीज हो गया है। जिस में एक बार फिर काफी ट्विस्ट एंड टर्न्स आपको नजर आएंगे। आई एम ग्रूट- हो सकता है कि आम लोग इस बारे में न जानते हों लेकिन मार्वल फैन्स को च्आई एम ग्रूटज् का बेसब्री से इंतजार था। मार्वल सीरीज की फिल्म च्गार्जियन ऑफ द गैलेक्सीज् का किरदार ग्रूट काफी अलग और क्यूट है। ग्रूट सिर्फ एक ही बात कहता है और वो है- च्आई एम ग्रूट।ज् जब मार्वल ने कुछ वक्त पहले अपने किरदारों और यूनिवर्स को और आगे बढ़ाने का फैसला किया था तो उन नामों में एक नाम ग्रूट का भी था। इस सीरीज में ग्रूट के किरदार के बारे में अधिक बातें सामने आएंगी। बता दें कि च्आई एम ग्रूटज्, 10 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार रिलीज हो गया है।






**इंडियन मैच मेकिंग 2-**
इंडियन मैच मेकिंग की सक्सेस के बाद इसका दूसरा सीजन भी लौट आया है। 10 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर इंडियन मैच मेकिंग 2 रिलीज हो गया है। बता दें कि ये शो अरेंज मैरिज पर आधारित है। इस शो के पहले सीजन को एक ओर जहां काफी पसंद किया गया थो दूसरी ओर इसको लेकर कुछ विवाद भी देखने को मिले थे। इस शो की शुरुआत च्सीमा आंटीज् से हुई थी।शो की मशहूर लाइन, च्हैलो, आई एम सिमा टपरिया फ्रॉम मुंबई,ज् शो के रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।

**रक्षा बंधन-** 11 अगस्त को एक ओर जहां आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा रिलीज होगी तो दूसरी ओर अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन रिलीज होगी। रक्षा बंधन का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। फिल्म की कहानी एक भाई और उसकी चार बहनों की है। वहीं फिल्म में भूमि पेडनेकर भी अहम किरदार में नजर आएंगी। फिल्म को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**नेवर हैव आई एवर 3-** नेटफ्लिक्स की सीरीज नेवर हैव आई एवर कुछ हाई स्कूल किड्स की कहानी है, जिसका तीसरा सीजन 12 अगस्त को रिलीज होगा। इस सीरीज में कॉमेडी है, इमोशन है और टीनएज प्रॉब्लम्स भी हैं। तीसरे सीजन में देवी और पैक्सटन ने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है और इसके बाद क्या कुछ होता है ये आपको सीरीज में देखने को मिलेगा।



**लाल सिंह चड्ढा-** लाल सिंह चड्ढा, हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स (ञ्रश्द्व ।ड्डठ्ठद्मह्य) की फिल्म फॉरेस्ट गंप (स्न्रश्रह्म्द्गह्यह्ल त्नह्वद्वश्च) का इंडियन अडैप्शन है ज्लाल सिंह चड्ढाज् में आमिर खान के साथ ही करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी हैं। लाल सिंह चड्ढा को देश में 100 स्थानों पर शूट किया गया है। वहीं आमिर खान ने फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान बताया था कि उन्होंने इस फिल्म को अपने 12-14 साल दिए हैं। अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित लाल सिंह चड्ढा, 11 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी।

# रक्षाबंधन कल : भाई की कलाई पर सजेगा बहन का प्यार

## खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़, महंगाई के बावजूद उत्साह में कमी नहीं



### पूर्णिमा तिथि और भद्रा के चलते दो दिन मनाई जाएगी राखी

**कटनी, यशभारत।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन कल 11 अगस्त को है। इस बार पर्व पर भद्रा का साया है, इसलिए राखी दो दिन मनाई जाएगी। बहनें अपने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधकर जीवनभर रक्षा का वचन लेंगी। भाई बहनों को रक्षा का वचन देंगे। रक्षाबंधन पर्व को लेकर वैसे तो खरीददारी सप्ताह भर पहले से ही शुरू हो गई थी लेकिन आज एक दिन पहले बाजारों में खासी भीड़ नजर आई। महंगाई के बावजूद बावजूद न तो इस त्यौहार की रौनक में कोई कमी आई है और न ही ग्राहकी में। रक्षाबंधन के इस पवित्र मौके पर शहर में काफी उत्साह नजर आ रहा है। सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी था, बावजूद इसके पूरे दिन खरीददारी का दौर चलता रहा। मेन रोड में भीड़-भाड़ के अलावा जहां तहां लगी राखी की दुकान मिठाई, दुकान रूमाल कपड़े आदि खरीदने की होड़ सी दिख रही थी। वर्षों से परंपरा रही है कि बहन अपने भाई की कलाई पर रेशम के धागे से रक्षासूत्र बांधती हैं, परंतु आधुनिकता की दौड़ में रेशम की डोर का स्थान ऊन और धागों ने ले लिया है। अब रेशम की राखियां आसानी से मिलती ही नहीं और जो मिलती हैं, वो इतनी महंगी हैं कि उन्हें खरीदने की हिम्मत नहीं होती।



### मेन रोड पर जाम, वन वे सिस्टम

शहर के बाजारों में आलम यह है कि सुबह मौसम खुला होने और बीच-बीच में हल्की रिमझिम बारिश के बावजूद खरीददारी हो रही है। आलम यह है कि बाजारों में पैर रखने की जगह तक नहीं है। यही कारण है कि पुलिस को यातायात नियंत्रित करने के लिए वनवे सिस्टम लागू करना पड़ा है। शहर से स्टेशन की ओर जाने वाले और स्टेशन से शहर की ओर आने वाले आटो व अन्य चार पहिया वाहनों को व्हीआईपी मार्ग से ही निकाला जा रहा था, इसके बावजूद सुभाष चौक में दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती रही। शाम को यहां से निकलना मुश्किल हो जाएगा। सुभाष चौक से बड़े हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों ओर और बीचोंबीच ठेले लगने की वजह से यहां पर कईयों बार जाम की स्थिति निर्मित हुई, जिससे लोगों को परेशान भी होना पड़ रहा है।

### राखी बांधने का मुहूर्त

**आयुष्मान योग :** 10 अगस्त शाम 7:35 बजे से 11 अगस्त को 3:31 बजे तक।

**रवि योग :** 11 अगस्त सुबह 5:30 बजे से सुबह 6:53 बजे तक।

**शोभन योग :** 11 अगस्त को 3:32 से 12 अगस्त को 11:33 बजे तक।

### रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त

**पूर्णिमा तिथि आरंभ :** 11 अगस्त, सुबह 10 बजकर 38 मिनट से

**पूर्णिमा तिथि की समाप्ति :** 12 अगस्त, सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर

**शुभ मुहूर्त :** 11 अगस्त को सुबह 9 बजकर 28 मिनट से रात 9 बजकर 14 मिनट

**अभिजीत मुहूर्त :** दोपहर 12रू06 से 12रू57 बजे तक

**अमृतकाल :** शाम 6:55 से रात 8:20 बजे तक

**ब्रह्म मुहूर्त :** सुबह 04:29 से 5:17 मिनट तक।

### मिठाई बाजार पर महंगाई की मार

महंगाई की मार से हर आदमी परेशान है। भाई-बहिन के स्नेह-प्रेम का प्रतीक राखी का त्यौहार भी इससे अछूता नहीं है, जहां राखियां और रूमाल की कीमतों में दोगुनी वृद्धि हुई है, तो वहीं विभिन्न किस्म की मिठाइयां भी इससे बच नहीं सकी हैं। खोवा भी अधिक दाम में मिल रहा है। ऐसे में मिठाई के दाम बढ़ाना मिष्ठान कारोबारियों की मजबूरी बन गया है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार उन्होंने नए आइटम बनाये हैं। उन्हें खरीदारों के सामने परोसा है, पर दाम में थोड़ी वृद्धि भी करनी पड़ी है, इसके पीछे दूध, खोवा और शक्कर के दामों में हो रही वृद्धि प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि मिठाइयों की प्रत्येक किस्म पर 40 से 80 रूपए प्रतिकिलो तक की वृद्धि की गई है, जिससे ग्राहकी में मामूली फर्क नजर आ रहा है, फिर भी अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद है।

### सुबह 09:35 से शुरू हो जाएंगे भद्रा

इस साल रक्षाबंधन का त्योहार 11 और 12 अगस्त को मनाया जा रहा है, इसका कारण यह है कि 11 अगस्त को पूर्णिमा तिथि प्रातः 09:35 बजे से लगेगी और इसी समय भद्रा भी शुरू हो रही है। भद्रा रात्रि में 08:53 बजे तक रहेगी, वहीं दूसरे दिन 12 अगस्त को प्रातः 07:16 बजे तक पूर्णिमा रहेगी। भद्रा समय में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन का शुभ त्योहार भी इस काल में नहीं मनेगा, इसलिए दूसरे दिन 12 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाना शुभ रहेगा। जानकारी के मुताबिक रक्षाबंधन पर भद्राकाल में राखी नहीं बांधी जाती है।

# या अली..या हुसैन के नारों से गूंजा शहर

## शहर में पूरी अकीदत के साथ मना मोहर्रम

### देर रात गाटरघाट कर्बला शरीफ में ठंडे हुए ताजियां एवं सवारियां



**कटनी, यशभारत।** या अली...या हुसैन के गगनचुम्बी नारों के बीच मुस्लिम धर्मावलंबियों का मातमी पर्व मोहर्रम शहर में पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ताजियों और सवारियों का जुलूस परंपरागत ढंग से उल्लासमय वातावरण में निकाला गया। देर रात्रि गाटरघाट कर्बला शरीफ में ताजियों व सवारियों को ठंडा किया गया। मोहर्रम का जुलूस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईश्वरीपुरा वार्ड दिलावर चौक से शुरू होकर नगर निगम के सामने, थाना तिराहा, सुभाष चौक से होता हुआ मेन रोड में गुलाम भाई के मकान के पास पहुंचा और कुछ देर रूकने के पश्चात वापस शुरू हुआ, जो सुभाष चौक, गांधी द्वार, नगर निगम, मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए गाटरघाट कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल ताजियों और सवारियों को देखने अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। सवारियों के साथ ढोल-नगाड़े चल रहे थे। जुलूस में दो दर्जन से अधिक ताजिए एवं सवारियां शमिल थीं। सवारियों के आगे करतब दिखाते युवाओं की टोली पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हुसैन की शहादत को याद करते हुए चल रही थी। अकीदतमंद सवरियों के सामने दुआ मांग रहे थे। जूलूस के मेन रोड पहुंचने के बाद अन्य स्थानों से आई सवारियों ने गश्त की। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की 72 साथियों के साथ कर्बला की जंग में शहादत में मातमी पर्व मोहर्रम मनाया जाता है।

### इन स्थानों से ताजियां, सवारी एवं अखाड़े शामिल हुए मोहर्रम के जुलूस में

मोहर्रम के जुलूस में ईश्वरीपुरा वार्ड से मरहूम मोहम्मद हनीफ टीसी का ताजिया, आजाद चौक छोटी मस्जिद के पास से मो. हासिम का बड़ा ताजिया, जामा मस्जिद गली से तकिया का ताजिया, मौला भाई का ताजिया, यासीन होटल के पास मुबीन भाई का ताजिया, झर्रा टिकुरिया इमाम चौक से मो जाबिर का ताजिया, खिरहनी फाटक से अब्दुल शकूर का ताजिया, लखेरा लाल बिल्डिंग के सामने मो अय्यूब का ताजिया, पाठक वार्ड में दिलावर खां का ताजिया, एसीसी फैक्ट्री एसीसी क्वार्टर का ताजिया, पुराना बस स्टेण्ड रेल्वे क्वार्टर से बशीर अहमद का ताजिया, सुभाष वार्ड में अब्दुल सत्तार का ताजिया, एनकेजे रेल्वे क्वार्टर का ताजिया, नेहरू वार्ड बरगवां में भैया खान का ताजिया एवं ईश्वरीपुरा वार्ड से अहमद हुसैन बाबा की सवारी, मेराज बाबा की सवारी, पप्पू बाबा की सवारी, मासूम बाबा की सवारी, मिशन चौक नगीना मस्जिद से सुलेमान बाबा की सवारी, सुभाष वार्ड से मोती बाबा की सवारी, चांद शाह बाबा की सवारी, भट्ठा मोहल्ला इमामबाड़ा से जावेद बाबा की सवारी, भारत चौक से हरी बाबा की सवारी, खिरहनी फाटक से शेख रज्जब की सवारी, एनकेजे से मुजावर जमील अहमद की सवारी, एसीसी की सवारी, झर्रा टिकुरिया से अज्जू बाबा की सवारी, आरिफ बाबा की सवारी, लखेरा से मुस्तकीम बाबा की सवारी, बरगवां से भैयाखान के घर पास से सवारी, पाठक वार्ड पानी की टंकी के सामने पप्पू बाबा की सवारी एवं नई सवारी आजाद चौक धन्ना उस्ताद का अखाड़ा धन्ना का अखाड़ा जुलूस में शामिल हुआ।

### जगह-जगह लंगर का आयोजन

मोहर्रम पर्व पर मिशन चौक, ईश्वरीपुरा वार्ड सहित पूरा जुलूस मार्ग या हुसैन के नारों से गूंज रहा था और सब हुसैन की शहादत को याद कर रहे थे। मातमी पर्व मोहर्रम को लेकर जोश मंगलवार शाम से ही मेन रोड से लेकर मिशन चौक व आजाद चौक तक दिख रहा था। मिशन चौक, नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद के पास, नगर निगम के सामने, सुभाष चौक सहित अन्य स्थानों में विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया था। जुलस में मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ ही राजनीतिक दलों के नेता, कमेटियों के पदाधिकारी एवं अन्य लोग शामिल हुए। मोहर्रम पर्व के अवसर पर कटनी सेवा समिति के 15 सदस्यों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ताजिया विसर्जन में सहयोग प्रदान किया गया।

# स्वास्थ्य केन्द्र में दो घंटे तक स्ट्रेचर पर तड़पती रही सर्पदंश पीड़िता

## डॉक्टर गैरहाजिर, नर्सों ने जिला चिकित्सालय कर दिया रिफर

**कटनी/रीठी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहास निवासी वाली फूलाबाई को कल शाम खेत में काम करते समय जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन तत्काल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए पहुंचे। परिजनों ने बताया कि 2 घंटे तक डॉक्टर के नहीं मिलने के कारण स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बगैर महिला तड़पती रही। नर्सों द्वारा सही तरीके से इलाज नहीं किया गया। ऐसे में बिना इलाज के मरीज को रिफर कर दिया। मरीज को एंबुलेंस के लिए 2 घंटा इंतजार करने के बाद एंबुलेंस मिली। अज्जू पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था चरमराई हुई है। यहां डॉक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं। नर्सों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीज की जान भी जा सकती है। 2 घंटे रीठी अस्पताल में समय बर्बाद करने के बाद महिला को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। गौरतलब है कि ड्यूटी में तैनात डॉ. नीलेश अवस्थी के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते मरीज और अस्पताल प्रबंधन परेशान है। रीठी में अक्सर मरीजों को उपचार किये बिना रिफर कर दिया जाता है। आज भी यही हुआ। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे रीठी जनपद अध्यक्ष अर्पित अवस्थी ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतने एवं डॉक्टर के समय पर न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की, साथ ही अस्पताल प्रबंधन को अपने रवैये में सुधार करने हिदायत दी। बताया जाता है कि रीठी अस्पताल में मरीजों को गैलरी में लिटाया गया है, जो बिना पंखे के भीषण उमस भरी गर्मी में पड़े हुए हैं, जो घोर लापरवाही है।



### सर्पदंश से किशोरी की मौत

बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम लोहरवारा नंबर 1 में किशोरी की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय काजल सिंह गौड़ निवासी ग्राम लोहरवारा नंबर 1 की सर्प काटने से मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक राजेश बागरी ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंहवारा सेझा के आगे चांदन रोड में एक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हंशु कोल को वाहन क्रमांक एम.पी.54एए-2384 के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत कटनी-शहडोल मार्ग पर ग्राम मझगवां के समीप कार की टक्कर लगने से युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि ग्राम मझगवां में कार क्रमांक एम.पी.20सीबी-3963 की ठोकर लगने से बसंत बर्मन नामक युवक घायल हो गया। पुलिस ने लापरवाह चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# गाटरघाट में भरेगा कजलियों का मेला

**कटनी, यशभारत।** बारडोली उत्सव समिति कटनी द्वारा हिन्दू संस्कृति के प्रमुख पर्वों के अवसर पर एक नई परंपरा की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में पिछले साल की तरह इस साल भी चंद्रशेखर आजाद वार्ड कटनी नदी गाटरघाट स्थित समीर राम मंदिर के पास कजलियां मेले का आयोजन 12 अगस्त को शाम 4 बजे से किया गया है। कजलियां मेले की तैयारियां अंतिम दौर पर है। नगर निगम प्रशासन द्वारा यहां आवश्यक व्यवस्थाएं करने के साथ ही कजलियां विसर्जन के लिए कुंड का निर्माण कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजू रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि बारडोली उत्सव समिति कटनी द्वारा एक नई परंपरा की शुरूआत करते हुए कटनी नदी के गाटरघाट में कजलियां मेला आयोजित कराया जा रहा है। पिछले साल भी यहां पूरी भव्यता और हर्ष एवं उल्लास के साथ मेला भरा था, जिसमे शहर के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए इस आयोजन को सफल बनाया था। कुछ इसी तरह का प्रयास इस बार भी किया जा रहा है। हिन्दू संस्कृति के प्रमुख पर्वों में से एक कजलियां के अवसर पर 12 अगस्त को शाम 4 बजे से गाटरघाट में मेला आयोजन के साथ ही गीत-संगीत की महफिल का आयोजन किया गया है, जिसमे आर्केस्ट्रा के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। यहां बच्चों के सभी प्रकार के मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे, जिसमे झूला, मिकी माऊस और लजीज व्यंजनों के लिए चौपाटी का भी इंतजाम किया गया है। बारडोली उत्सव समिति कटनी ने शहर के समस्त नागरिकों से मेले में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



तैयारियां तेज, बच्चों के लिए मनोरंजक झूले, सजेगी गीत संगीत की महफिल

### लल्लू भैया की तलैया में कजलियां मेला 12 को

**कटनी, यशभारत।** सामाजिक सद्भाव एवं एकता के प्रतीक कजलियां पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन स्थानीय लल्लू भैया की तलैया में किया गया है। 2 वर्ष कोरोना के प्रकोप के कारण यह मेला आयोजित नहीं हुआ था। इस वर्ष से पुनः मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मेला 12 अगस्त को दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। मेले में कजलियां विसर्जन के लिए घाट का निर्माण, मनोरंजन झूले, बच्चों के खेल खिलोने की दुकानें, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल आदि आकर्षण का केंद्र होंगे।

23वीं पुण्यतिथि - 10.08.2022



स्मृति शेष

मातुश्री श्रीमती चंपादेवी सुहाने

(स्व. श्री हल्केलाल जी सुहाने)

आपका पुण्य प्रताप, संस्कार, जीवन पथ पर प्रकाशपुंज बनकर आलौकिक कर रहे हैं.....

विनम्र पुष्पांजलि-पावन स्मृतियां संजोए

श्रीमती पार्वती देवी- स्व. श्री नारायणदास इंदुरख्या, जबलपुर
श्रीमती सुशीला-महेश बिचपुरिया, कटनी
श्रीमती लक्ष्मी-संतोष इंदुरख्या, जबलपुर
श्रीमती रानी-राकेश सुहाने, इंजी. प्रांजल, प्रियांश एवं परिवारजन
निवास- मातृज्योति आजाद चौक, कटनी (म.प्र.)

### बहोरीबंद से बाइक चोरी

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद से एक बार फिर मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। यूनिटेक प्लांट के सामने से उमेश कुमार चौधरी निवासी सिमरापटी थाना बहोरीबंद की अज्ञात बदमाश ने मोटरसायकल पार कर दी। सहायक उपनिरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला ने बताया कि सूचना पर प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी गई है।

प्लाट बिकाऊ हैं

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740

a Sainik Conduct Disciplined Degree College
Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें
Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)